दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा से एक साथ प्रकाशित
• Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///
वर्ष : 11 | अंक : 288 टोंक | बुधवार,03 जुलाई, 2024 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष द्वादशी संवत्-2081 भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹1.00 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan






# भगदड़ में 122 लोगों की मौत, 150 घायल!

बढ़ता राजस्थान

**हाथरस ( एजेंसी )**। हाथरस जिले के मुगलगढ़ी गांव में मंगलवार (2 जुलाई) को भोले बाबा का सत्संग चल रहा था। कार्यक्रम के दौरान भगदड़ मचने से कई लोगों की मौत हो गई है। तो वहीं इस भयंकर हादसे में कई लोग घायल भी हुए, जिन्हें अलग-अलग अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक हाथरस हादसे में करीब 122 लोगों की मौत हो गई है और 150 से अधिक भक्त घायल हैं। कई की हालत गंभीर बताई जा रही हैअभी मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

### डीएम के मुताबिक 50 लोगों की मौत

एटा के एसएसपी राजेश कुमार सिंह का कहना है, हाथरस जिले के मुगलगढ़ी गांव में एक धार्मिक कार्यक्रम चल रहा था, तभी भगदड़ मची। एटा अस्पताल में अब तक 27 शव मिले हैं, जिनमें 23 महिलाएं, 3 बच्चे शामिल हैं और 1 आदमी घायल अस्पताल नहीं पहुंचे हैं। आगे की जांच की जा रही है। एटा के जिलाधिकारी के मुताबिक हाथरस में हुए भगदड़ से करीब 50 लोगों की मौत हुई है। तो वहीं कई अन्य घायल हैं।

### 50 हजार से अधिक लोग थे कार्यक्रम में मौजूद

बता दें कि हाथरस के रतिभानपुर इलाके में सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में करीब 50 हजार से अधिक लोग शामिल होने के लिए पहुंचे थे, तभी पंडाल में भयानक उमस गर्मी की वजह से भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए, मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद और एटा के लोग पहुंचे थे।



### भोले बाबा का प्रवचन सुनने पहुंचे थे लोग

संत भोले बाबा का प्रवचन सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग हाथरस हाथरस एटा बॉर्डर के पास स्थित रतिभान पुर में पहुंचे थे। घटनास्थल पर पुलिस प्रशासन और एंबुलेंस पहुंचने में काफी विलंब हुआ. स्थानीय लोगों ने आसपास के अस्पताल और एटा के हॉस्पिटल्स में घायलों को भेजा है. केवल एटा के सरकारी अस्पताल में 27 लाशें पहुंच चुकी हैं।

### एटा अस्पताल के सीएमओ ने क्या कहा?

सीएमओ एटा, उमेश कुमार त्रिपाठी का कहना है, पोस्टमार्टम हाउस पर अब तक 27 शव आ चुके हैं, जिनमें 25 महिलाएं और 2 पुरुष शामिल हैं। कई घायलों को भी भर्ती कराया गया है। आगे की जानकारी जांच के बाद सामने आएगी। प्राथमिक कारण एक है। धार्मिक आयोजन के दौरान भगदड़।

### घटना के लिए सरकार जिम्मेदार : अखिलेश यादव

हाथरस हादसे पर समाजवादी पार्टी सांसद अखिलेश यादव ने कहा, ...सरकार आखिरकार क्या कर रही थी ? सरकार की जानकारी में होने के बावजूद इतनी बड़ी घटना होना बहुत दुखद है... उनकी सुरक्षा और व्यवस्था के लिए सरकार ने क्या किया ये सबसे बड़ा प्रश्न बनता है... जब तक आप किसी आयोजन पर शुरूआत से लेकर अंत तक ध्यान नहीं देंगे तो इसी तरह की घटना होगी. इसके लिए अगर कोई जिम्मेदार है तो वो सरकार है... हमें उम्मीद है कि सरकार घायलों का अच्छा इलाज करवाएगी।

## सीएम योगी बोले- दोषियों को नहीं बख्शेंगे, साजिशकर्ताओं और जिम्मेदारों को उचित सजा दिलाएंगे



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाथरस हादसे को लेकर बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने अपने सरकारी आवास पर प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि हमारी सरकार इस घटना की तह में जाकर साजिशकर्ताओं और जिम्मेदारों को उचित सजा देने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस पूरी घटना की जांच करा रही है। हम इसकी तह में जाएंगे और देखेंगे कि यह हादसा है या साजिश।

इसके साथ ही सीएम योगी ने घटना पर राजनीति करने वाले दलों को भी फटकार लगाते हुए कहा कि इस प्रकार की घटना पर पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त करने के बजाए राजनीति करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है और निंदनीय भी। यह समय पीड़ितों के घावों पर मरहम लगाने का है, पीड़ितों के प्रति संवेदना का है। सरकार इस मामले में पहले से संवेदनशील है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। सीएम योगी ने कहा कि घटना अत्यंत दुखद और हृदयविदारक है। अपराह्न तीन से साढ़े तीन बजे के बीच ये पूरा घटनाक्रम बताया जा रहा है। जनपद हाथरस के सिकंदराराऊ के अंदर ये पूरा हादसा घटित हुआ है। वहां पर स्थानीय आयोजकों ने स्थानीय गांव में भोले बाबा का आयोजन सत्संग के माध्यम से आयोजित किया था और स्थानीय भक्तगण उसमें भाग ले रहे थे। मंचीय कार्यक्रम संपन्न होने के बाद सत्संग के प्रवचनकर्ता जब मंच से उतर रहे थे तब उनकी तरफ भक्तों की भीड़ जा रही थी और सेवादारों के रोकने पर वहां भगदड़ मची।

इस पूरे मामले की जांच के लिए एडिशनल डीजी आगरा की अध्यक्षता में मंडलायुक्त अलीगढ़ को शामिल करते हुए एक टीम बनाकर अविलंब रिपोर्ट उपलब्ध कराने के लिए कहा है। घटना को देखते हुए प्रदेश के मुख्य सचिव और डीजीपी वहीं पर कैंप कर रहे हैं और प्रदेश सरकार के तीन मंत्री, चौधरी लक्ष्मी नारायण, संदीप सिंह एवं असीम अरुण वहां घटनास्थल पर कैंप करके घायलों को उपचार आदि की व्यवस्था में लगे हुए हैं। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने भी इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित

# किशनगढ़, झालावाड़ और भीलवाड़ा में खुलेंगे फ्लाइंग स्कूल

## कोटा में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट और जयपुर में बनेगी एयरोसिटी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित राज्य मंत्रिमण्डल की बैठक में प्रदेश में विमानन क्षेत्र में आधारभूत ढांचे के विकास, बिजली क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दृष्टि से नियमों में संशोधन और गांधी दर्शन संग्रहालय के संचालन से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय किए गए। उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द्र बैरवा, उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री जोगाराम पटेल ने पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए मंत्रिमंडल में लिए गए निर्णयों की जानकारी दी।

### तीन महाविद्यालयों का नामकरण-

उप मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचन्द्र बैरवा ने बताया कि दानदाताओं को सम्मानित करने एवं प्रोत्साहन करने के उद्देश्य से चूरू जिले के राजकीय महाविद्यालय, साहवा का नामकरण श्रीमती मोहनी देवी चाचान राजकीय महाविद्यालय, साहवा, बाड़मेर जिले के राजकीय महाविद्यालय, धोरीमन्ना का नामकरण शांति देवी उदयराज गांधी राजकीय महाविद्यालय, धौरीमन्ना एवं बीकानेर जिले के राजकीय कन्या महाविद्यालय, श्रीडूंगरगढ़ का नामकरण राजकीय सदू देवी पारख कन्या महाविद्यालय, श्रीडूंगरगढ़ करने की स्वीकृति मंत्रिमंडल द्वारा प्रदान की गई।

### अक्षय ऊर्जा नीति, 2023 के प्रावधानों में संशोधन-

उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने बताया कि राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में अक्षय ऊर्जा नीति, 2023 एवं राजस्थान भू-राजस्व (अक्षय ऊर्जा पर आधारित विद्युत संयत्रों की स्थापना हेतु राजकीय भूमि का आवंटन) नियम, 2007 के प्रावधानों में संशोधन किये जाने संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। उन्होंने बताया कि राजस्थान को बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि अब तक राज्य सरकार की ओर से विद्युत क्षेत्र में करीब सवा दो लाख करोड़ रुपए के एमओयू किए जा चुके हैं। अब इन संशोधनों से प्रदेश में बिजली क्षेत्र में 2 लाख करोड़



के नए निवेश का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि राज्य में उपलब्ध सौर विकिरण का समुचित उपयोग करने हेतु आवंटन नियमों में प्रासंगिक बदलाव किया गया है जिससे सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए भूमि आवंटन डीएलसी दर के 7.5 प्रतिशत पर किया जा सकेगा। साथ ही, अब 2 हैक्टेयर भूमि पर एक मेगावाट की दर से सौर ऊर्जा उत्पादन हो सकेगा। उन्होंने बताया कि इससे राजस्व अर्जन में बढ़ोतरी के साथ निवेश व रोजगार के नवीन अवसर सृजित होंगे। साथ ही, अक्षय ऊर्जा से उत्पादित विद्युत का अधिकांश भाग राज्य को प्राप्त हो सकेगा।

### नागरिक विमानन नीति 2024 को मंजूरी-

कर्नल राठौड़ ने बताया कि प्रदेश में क्षेत्रीय हवाई संपर्क में सुधार करने और पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नागरिक विमानन नीति 2024 को मंत्रिमंडल ने मंजूरी प्रदान की है। उन्होंने बताया कि यह नीति विमानन प्रशिक्षण सुविधाओं, विमानन रखरखाव सेवाओं को बढ़ाने और एयरोस्पेस गतिविधियों को विकसित करने पर केन्द्रित है। इसके अंतर्गत किशनगढ़, झालावाड़ और भीलवाड़ा में फ्लाइंग स्कूल खोले जाएंगे और कोटा में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जयपुर में एयरोसिटी बनाई जाएगी जिसमें होटल, रेस्त्रां सहित विभिन्न आधारभूत सुविधाएं विकसित की जाएंगी। प्रदेश के विभिन्न हवाई अड्डों पर कार्गो सुविधा प्रारम्भ की जाएगी।



## सम्पादकीय

# वित्तीय स्थिरता में सुधार

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की गत सप्ताह जारी हुई वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) में बताया गया कि देश में वित्तीय स्थिरता की दशा व्यापक तौर मजबूत और स्थिर है। अर्थव्यवस्था में व्यापक वित्तीय जोखिम के कई संकेतक कमजोर पड़े हैं और हमारी व्यवस्था वृद्धि के लिए जरूरी संसाधन उपलब्ध कराने के लिए तैयार नजर आ रही है। बैंकिंग व्यवस्था में फंसे हुए कर्ज का सकल अनुपात 2.8 फीसदी के साथ कई वर्षों के न्यूनतम स्तर पर है और रिपोर्ट में अनुमान जताया गया है कि इसमें और गिरावट जारी रहेगी। बहरहाल, अभी भी भविष्य के जोखिम के कुछ स्रोत हैं जिनकी सावधानीपूर्वक नियामकीय निगरानी की आवश्यकता है। इनमें से एक है शैडो बैंकिंग क्षेत्र की वापसी। गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियां यानी एनबीएफसी अर्थव्यवस्था में एक उपयोगी भूमिका निभाती हैं। परंतु जैसा कि इन्फ्रास्ट्रक्चर लीजिंग ऐंड फाइनैंशियल सर्विसेज (आईएलऐंडएफएस) के मामले से पता चला जो छह वर्ष पहले संकट में आ गई थी, वे मुश्किलों का जरिया भी होती हैं।

आईएलऐंडएफएस के कारण एनबीएफसी क्षेत्र को जिन मुश्किलों का सामना करना पड़ा था उनसे निपटने और ऋण तथा अन्य गतिविधियों के सामान्य होने में वक्त लगा। तब से एनबीएफसी की नियामकीय निगरानी और सख्त हो गई है। परंतु जैसा कि रिपोर्ट में कहा गया है, विशुद्ध उधारी के मुताबिक वे बैंकिंग व्यवस्था की सबसे बड़ी प्रतिभागी हैं। इस उधारी में से अधिकांश सूचीबद्ध वाणिज्यिक बैंकों से ली गई है जो अब एनबीएफसी को आधा से अधिक वित्त मुहैया कराते हैं। आवास वित्त कंपनियां भी ऐसी ही बिचौलियों वाली भूमिका निभाती हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह अपने आप में समस्या नहीं है। उसके अनुमान के मुताबिक एक बड़ी एनबीएफसी की विफलता बैंकिंग व्यवस्था में पहली श्रेणी के शेयरों को गंभीर क्षति पहुंचाती है। परंतु इससे बैंकिंग व्यवस्था का पतन नहीं होगा।

इसके बावजूद यह स्थितियों का बहुत सरल पाठ होगा। इक्कादुक्का नाकामी कोई समस्या नहीं होती है। असल में मामला यह है कि किसी एक एनबीएफसी में नाकामी की जो वजह होगी वह अन्य पर भी ऐसा ही प्रभाव डाल सकती है। झटकों का आपस में संबंध होता है। हम 2008 के वित्तीय संकट में ऐसा होते देख चुके हैं। यकीनन एक नाकामी से अन्य एनबीएफसी में जमा करने वालों के भरोसे को क्षति पहुंच सकती है। यह स्थिति भी एक तरह से संक्रामक साबित होगी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि एनबीएफसी एक परिपक्व परिवर्तनकारी भूमिका निभा रही हैं। ऐसी मध्यवर्ती कंपनियां जो अल्पावधि के लिए फंड लेकर उसे लंबे समय के लिए ऋण के रूप में देती हैं, उन्हें व्यवस्था में अस्थिरता का जरिया माना जाता है। यह बात भी ध्यान देने लायक है कि वित्तीय तंत्र में कुछ नई चिंताएं नजर आने लगी हैं। रिपोर्ट में रिजर्व बैंक के व्यवस्थागत जोखिम सर्वे के 26वें दौर को लेकर एक नोट शामिल है। वैश्विक मौद्रिक सख्ती समेत जोखिम के कई स्रोत कमजोर पड़े हैं। परंतु दो घरेलू जोखिमों के बढ़ने का अनुमान है। पहला, कम खपत और मांग से उपजा जोखिम। यह भारतीय अर्थव्यवस्था में वेतन और रोजगार को दर्शाती है।

# नये भारत में बदलाव के कानून, न्याय की ओर

**अंग्रेजों के बनाये कानून क्या स्वतंत्र भारत में साढ़े सात दशक बाद भी लागू रहने चाहिए, यह लम्बे समय से विमर्श का विषय बना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार द्वारा न्यायिक व्यवस्था को प्रभावी, आधुनिक, तकनीकी बनाने के लिये, अप्रासंगिक हो चुके कानूनों को बदलने एवं आधुनिक अपेक्षाओं के नये कानून बनाने का साहसिक एवं प्रासंगिक कदम उठाते हुए नए कानून लाने एवं उन्हें लागे करने का बड़ा कदम उठाया है, जो सुखद एवं स्वागतयोग्य है। विपक्षी दलों ने सांस्कृतिक, धार्मिक व भौगोलिक विविधता वाले देश के लिये बनाये गये कानूनों को भले ही व्यापक सार्वजनिक विमर्श के बाद ही लागू किया जाने की अपेक्षा व्यक्त की हो, लेकिन केंद्र सरकार की ओर से कहा जा रहा है कि जहां ब्रिटिश काल में बने कानूनों का मकसद दंड देना था, वहीं नये कानूनों का मकसद नागरिकों को न्याय देना है। मौजूदा चुनौतियों व जरूरतों के हिसाब से कानूनों को बनाया गया है।**

ललित गर्ग



भारतीय न्याय प्रणाली की कमियां को दूर करते हुए उसे अधिक चुस्त, त्वरित एवं सहज सुलभ बनाना नये भारत की अपेक्षा है। मतलब यह सुनिश्चित करने से है कि सभी नागरिकों के लिये न्याय सहज सुलभ महसूस हो, कानूनी प्रावधान न्यायसंगत एवं अपराध-नियंत्रण का माध्यम हो, वह आसानी से मिले, जटिल प्रक्रियाओं से मुक्त होकर सस्ता हो। निश्चित रूप से किसी भी कानून का मकसद नागरिकों के जीवन, स्वतंत्रता, संपत्ति व अधिकारों की रक्षा करना ही होता है। जिससे किसी सभ्य समाज में न्याय की अवधारणा पुष्ट हो सके। 1 जुलाई, 2024 से भारत आपराधिक न्याय के एक नए युग की शुरुआत होने जा रही है। न्याय का एक नया सूरज उदित हो रहा है, जब पूरे देश में लागू हुई भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य संहिता को लेकर उम्मीद करनी चाहिए कि यह बदलाव न्याय की कसौटी पर खरा उतरेंगे। इस दृष्टि से यह कानून से जुड़ी अकल्पित उपलब्धियों से भरा-पूरा अवसर भारत न्याय प्रक्रिया को एक नई शक्ति, नई ताजगी और नया परिवेश देने वाला साबित होगा। उल्लेखनीय है कि कानूनी बदलाव से जुड़े ये तीनों विधेयक बीते साल संसद में पारित किये गए थे।

इन कानूनों को बनाने का मूल उद्देश्य अपराधमुक्त समाज की संरचना करना है। इसीलिये अपराधियों को कड़े दण्ड देने का प्रावधान किया गया है। उल्लेखनीय है कि भारतीय न्याय संहिता में विवाह का प्रलोभन देकर छल के मामले में दस साल की सजा, किसी भी आधार पर मॉब लिंचिंग के मामले में आजीवन कारावास की सजा, लूटपाट व गिरोहबंदी के मामले में तीन साल की सजा का प्रावधान है। आतंकवाद पर नियंत्रण के लिये भी कानून है। किसी अपराध के मामले में तीन दिन में प्राथमिकी दर्ज की जाएगी तथा सुनवाई के बाद 45 दिन में फैसला देने की समय सीमा निर्धारित की गई है। वहीं प्राथमिकी अपराध व अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम के जरिये दर्ज की जाएगी। व्यवस्था की गई है कि लोग थाने जाए बिना भी ऑनलाइन प्राथमिकी दर्ज कर सकें। यह कहने में कोई हर्ज नहीं है कि इन कानूनों के माध्यम से देश में पुलिस सुधार को भी बल मिलेगा। पुलिस कानून-कायदे के तहत काम करने को विवश या बाध्य होगी। अंततः अब पुलिस को अनुशासित बनाने के साथ-साथ कारगर बनाने की ओर देश ने अपने कदम बढ़ा दिए हैं। पुलिस प्रशासन की सफलता इसी में है कि तमाम लोगों को यह महसूस हो कि कानून न्यायपूर्ण ढंग से लागू किया जा रहा है। एक पहलू यह भी है कि पुलिस प्रशासन को कुशल और सक्षम बनाने के लिए संसाधनों की कमी आड़े नहीं आए। जिस स्तर की सेवा की उम्मीद लोग पुलिस से कर रहे हैं, उसके लिए सरकारों को पुलिस पर व्यय बढ़ाना होगा। सक्षम और सहयोगी पुलिस हमारे तेज विकास में कारगर होगी। पुलिस को प्रशिक्षित एवं सक्षम बनाने के तंत्र भी नये तरीके से विकसित करने होंगे। एक तरह से इन कानूनी प्रावधानों को सहज एवं सरल बनाने के प्रयास किये गये हैं। ध्यान रहे, पिछले कानूनों में यह बड़ी कमी थी कि वे गरीबों को न्याय दिलाने में असमानता के द्योतक थे। उन कानूनों का इस्तेमाल गरीबों के खिलाफ जितनी आसानी से होता था, उससे कहीं ज्यादा कठिनाई से अमीरों के खिलाफ मामले दर्ज होते थे। आरोप सिद्ध होने या सजा के मामले में भी गरीबों को ही ज्यादा भुगतना पड़ता था। औपनिवेशिक युग के निर्मम या गरीब विरोधी कानूनों को समाप्त करने की मांग लंबे समय से हो रही थी। अब इन नये तीन कानूनों ने ब्रिटिश काल के तीन कानूनों की जगह ले ली है, इसका एहसास कराना होगा कि ब्रिटिश हिसाब से बने कानून अब देश में नहीं चल रहे हैं। नए कानूनों में यह ताकत है कि इनसे अपने यहां संपूर्ण न्याय प्रणाली में आम नागरिकों के अनुरूप आधुनिक बदलाव हो सकता है। केंद्र सरकार ने अपना काम कर दिया है और अब राज्यों को अपने स्तर पर इन अच्छे एवं प्रभावी कानूनों को लागू करने की पूरी तैयारी करनी पड़ेगी और देश के ज्यादातर राज्यों में पुलिस जिस तरह से प्रशिक्षित हो रही है, इससे जुड़ी खबरों का सामने आना भी सुखद है। सक्षम और सहयोगी पुलिस नये भारत-सशक्त भारत-विकसित भारत में कारगर होगी। सुप्रीम कोर्ट की व्यवस्था के अनुरूप राजद्रोह कानून को तो हटा दिया गया है लेकिन राष्ट्रीय एकता, अखंडता व संप्रभुता के अतिक्रमण को नये अपराध की श्रेणी में रखा गया है। संगठित अपराधों के लिये तीन साल की सजा का प्रावधान है। इसके साथ ही अपराध की जांच-पड़ताल को आधुनिक तकनीक के जरिये न्यायसंगत बनाने का प्रयास किया गया है। जिसमें फॉरेंसिक साक्ष्य जुटाना भी अनिवार्य है ताकि अपराधी संदेह का लाभ न उठा सकें। दूसरी ओर सूचना प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल अपराध नियंत्रण में बढ़ेगा। नये कानून के अनुसार मौत की सजा पाये अपराधी को खुद ही दया याचिका दायर करनी होगी, कोई संगठन या व्यक्ति ऐसा न कर सकेगा। निश्चित ही जहां सरकार वर्तमान संदर्भ के अनुरूप कानूनों का आधुनिकीकरण कर रही है वहीं उसे कानून व्यवस्था को सशक्त बनाने एवं पुलिस-व्यवस्था को सुधारने एवं सक्षम बनाने के लिये साधन-सुविधाओं को सुलभ कराने के लिये तत्पर होना होगा। नये कानून एवं नयी आधुनिक अदालते कल के भारत को और मजबूत करेगी। नये भारत एवं सशक्त भारत को निर्मित करने में इनकी सर्वाधिक सार्थक भूमिका होगी। सरकार अंग्रेजी के स्थान पर हिन्दी या स्थानीय भाषाओं में न्याय-प्रक्रिया को संचालित करने के लिये भी प्रतिबद्ध है। नए कानून से मुकदमे जल्दी निपटेंगे और तारीख पर तारीख के दिन लद जाएंगे। एक जुलाई से लागू हो रहे आपराधिक प्रक्रिया तय करने वाले तीन नये कानूनों में त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए एफआइआर से लेकर फैसले तक को समय सीमा में बांधा गया है। आपराधिक ट्रायल को गति देने के लिए नये कानून में 35 जगह टाइम लाइन जोड़ी गई है। शिकायत मिलने पर एफआइआर दर्ज करने, जांच पूरी करने, अदालत के संज्ञान लेने, दस्तावेज दाखिल करने और ट्रायल पूरा होने के बाद फैसला सुनाने तक की समय सीमा तय है। साथ ही आधुनिक तकनीक का भरपूर इस्तेमाल और इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों को कानून का हिस्सा बनाने से मुकदमों के जल्दी निपटारे का रास्ता आसान होगा। शिकायत, सम्मन और गवाही की प्रक्रिया में इलेक्ट्रानिक माध्यमों के इस्तेमाल से न्याय की रफ्तार तेज होगी। उपर्युक्त सभी बातों को देखते हुए स्पष्ट है कि भारतीय न्याय तंत्र में विभिन्न स्तरों पर सुधार की दरकार को महसूस करते हुए वैसी व्यवस्थाएं की गयी है। लेकिन यह सुधार न सिर्फ न्यायपलिका के बाहर से बल्कि न्यायपालिका के भीतर भी होने चाहिये। ताकि किसी भी प्रकार के नवाचार को लागू करने में न्यायपालिका की स्वायत्तता बाधा न बन सकें। न्यायिक व्यवस्था में न्याय देने में विलंब न्याय के सिद्धांत से विमुखता है, अतः न्याय सिर्फ होना ही नहीं चाहिये बल्कि दिखना भी चाहिये।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
भागीदारों के साथ मतभेद होगा। कुछ खास दोस्तों के साथ मुलाकात विशेष आनंददायक नहीं रहेगी। कोर्ट- कचहरी के काम में दिक्कत होने की आशंका है। आर्थिक लाभ और काम में सफलता मिलेगी। बीमारी में राहत महसूस होगी।

**वृष**
पैसे की तंगी महसूस होगी। दुर्घटना, ऑपरेशन का योग बन रहा है, इसलिए सावधानी बरतें। ईश्वर भक्ति से राहत महसूस कर सकेंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। सार्वजनिक जीवन में अपयश या स्वाभिमान भंग होने का योग है।

**मिथुन**
आपका आज का दिन सामाजिक प्रवृत्तियों और मित्रों के साथ दौड़-धूप में व्यतीत होगा। आज के दिन बुजुर्गों और पूजनीय व्यक्तियों से मुलाकात होगी। आज कोई भी सोच-विचार करने के बाद ही बोलें।

**कर्क**
नए काम की शुरुआत आज कर सकते हैं। सगे-संबंधियों तथा मित्रों का आपके यहां आगमन होने से आनंद अनुभव होगा। कहीं यात्रा होने की संभावना है। भाग्य वृद्धि का अवसर मिलेगा। धार्मिक कार्यों में मन लगाएंगे, तो शांति मिलेगी। फिर भी सरकारी कामों में सफलता मिलेगी।

**सिंह**
प्रिय व्यक्ति के साथ की गई मुलाकात रोमांचक रहने की उम्मीद है। तन-मन से ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव होगा। अत्यधिक विचारों से मन विचलित रहेगा। आज किसी के साथ बौद्धिक चर्चा या वाद-विवाद हो सकता है।

**कन्या**
बाहर का खाने-पीने के कारण स्वास्थ्य खराब होने की आशंका है। अपने क्रोध को नियंत्रण में रखें, वरना बड़ा नुकसान हो सकता है। पारिवारिक सदस्यों के साथ बखेड़ा खड़ा हो सकता है। नए संबंध तकलीफदायक साबित होंगे। संयमित वाणी आपको बहुत-सी मुसीबतों से बचा लेगी।

**तुला**
अपने अधीनस्थ कर्मचारियों और सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त कर सकेंगे। आज आप कल्पना और सृजनशक्ति का उपयोग कर सकेंगे। संतान की प्रगति होगी, जिससे आपका मन खुश रहेगा।

**वृश्चिक**
सरकार से लाभ प्राप्त कर सकेंगे। प्रतिकूल संयोग के बनने से आपके कार्य में विलंब होगा। शरीर में ताजगी और मन में उत्साह का अभाव रहेगा। पेट के रोग सताएंगे। नौकरी में अधिकारियों के नकारात्मक व्यवहार से आपको दुख होगा।

**धनु**
जमीन, वाहन वगैरह की खरीदारी के दस्तावेज बनवाने में सावधानी रखें। गूढ़ रहस्यमय विद्याएं और आध्यात्मिकता का प्रभाव आप पर विशेष रहेगा। आपका मन शांत और प्रसन्न रहेगा। भाई-बहनों के साथ मेल-जोल बना रहेगा।

**मकर**
आज के दिन आप शारीरिक और मानसिक रूप से भय अनुभव करेंगे। पारिवारिक सदस्यों तथा सगे- संबंधियों के साथ अनबन होने की आशंका है। कोशिश करें कि किसी के साथ विवाद न हो। माता का स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**कुंभ**
आज आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे। नौकरीपेशा वालों के लिए आज का दिन शुभ है। उन्हें आय वृद्धि या पदोन्नति का समाचार मिलेगा। सरकारी लाभ मिलेगा। उच्च अधिकारियों का प्रोत्साहन आपका उत्साह बढ़ाएगा।

**मीन**
सरकारी काम में बाधा होगी। महत्वपूर्ण कार्य या निर्णय आज स्थगित रखना उचित रहेगा। संतान के साथ मतभेद होगा। विरोधियों से सतर्क रहने की जरूरत है। आज मन का नकारात्मक व्यवहार आपको हताश करेगा। धन खर्च होने की संभावना है।

## शख्सियत



योगेंद्र भारद्वाज
(सहायक निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क विभाग)

हमारी आज की शख्सियत हैं योगेन्द्र भारद्वाज जोकि सहायक निदेशक हैं। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के। इन्होंने अपने करियर की शुरुआत 2003 ईटीवी राजस्थान रामोजी फिल्म सिटी हैदराबाद में बुलेटिन प्रोड्यूसर, एंकर के रूप में की। राष्ट्रीय समाचार प्रस्तुतकर्ता के रूप में अलवर जिले से पहली शख्सियत रहे। 2008 से 2013 तक जिले के पहले स्थानीय न्यूज़ चैनल एसटीवी के संस्थापक सदस्य रहे। ईटीवी राजस्थान,सहारा समय, एनडीटीवी और डीडी न्यूज़ के माध्यम से अलवर जिले की राजनीतिक और सामाजिक खबरों को विशिष्ट शैली से प्रदर्शित किया। सहारा समय राजस्थान न्यूज़ चैनल पर लगातार 8 घंटे तक डीएसएनजी वैन से लाइव करने का रिकॉर्ड। 2013 में सहायक जनसंपर्क अधिकारी पद पर आरपीएससी के माध्यम से चयनित।। अलवर ,भरतपुर और झुंझुनू जिले में जनसंपर्क अधिकारी के पद पर रहकर मीडिया कर्मियों और सरकार के बीच बेहतरीन समन्वय स्थापित किया। वर्तमान में विगत कुछ वर्षों से सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय में सहायक निदेशक पद पर राजधानी जयपुर में मुख्य सचिव , पुलिस मुख्यालय, वन एवं स्टेट जीएसटी विभागों में जनसंपर्क सेवा के माध्यम से मीडिया प्रबंधन का कार्य कर रहे हैं। विशिष्ट पहलू-विगत 25 वर्षों से हार्टफुलनेस संस्थान से जुड़ाव।

पिछले 8 वर्षों से ध्यान प्रशिक्षक के रूप में मेडिटेशन के माध्यम से जीवन के सर्वोच्च आयाम को छूने के लिए आध्यात्मिक सेवा जारी।। भारत के सभी प्रमुख शैक्षिक संस्थानों में युवाओं में जीवन कौशल एवं तनाव प्रबंधन के लिए मेडिटेशन की तकनीक की जानकारी निशुल्क साझा कर रहे हैं। इसके अलावा इनके चेहरे पर कभी तनाव देखा ही नहीं गया। मिलनसार, हँसमुख,सबको साथ लेकर चलने वाले एक बेहतरीन अधिकारी के रूप में इन्हें जाना जाता है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

जय हिंद

## आज का इतिहास

### 3 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- पुर्तगाल ने 1661 में मुंबई और तंजौर इंग्लैंड के राजा चार्ल्स द्वीतीय को दिया।
- मुगल सम्राट के आदेश पर 1746 में बाबा बंदासिंह बहादुर को फाँसी दे दी गई।
- 1710 में उन्होंने मुगलों को हराया था।
- मराठा सेना ने 1760 में दिल्ली पर कब्जा किया।
- पर्शिया ने 1778 में के खिलाफ युद्ध की घोषणा की थी।
- अमेरिका ने 1819 में पहला बचत बैंक 'बैंक ऑफ सेविंग इन न्यूयॉर्क' शुरू हुआ।
- स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बासुदेव बलवंत फड़के को 1879 में गिरफ्तार कर लिया गया।
- स्टॉक एक्सचेंज दाउ जोंस ने 1884 में अपना पहला स्टॉक इंडेक्स प्रकाशित किया।
- न्यूयॉर्क ट्रिब्यून छपाई मशीन का इस्तेमाल करने वाला पहला अखबार 1886 में बना।
- इडाहो 1890 में अमेरिका का 43वां प्रांत बना।
- इतावली वैज्ञानिक मार्कोनी ने 1897 को लंदन में रेडियो का पेटेंट कराया।
- बाल गंगाधर तिलक को 1908 में अंगरेज सरकार ने देशद्रोह का आरोप लगाकर गिरफ्तार किया।
- लंदन में पहली बार रंगीन टीवी कार्यक्रम का प्रसारण 1928 में हुआ।
- अमेरिकी कांग्रेस ने 1952 में प्यूर्टो रिको के संविधान को मंजूरी दी।
- फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने 1962 में अल्जीरिया की आजादी की घोषणा की।
- 105 यात्रियों वाला हवाई जहाज 1970 को स्पेन में लापता हो गया।
- अमेरिकी रॉक बैंड 'द डोर्स' के प्रसिद्ध गायक जिम मॉरिसन 1971 को अपने पेरिस स्थित घर में मृत पाए गए।
- भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद शिमला समझौता पर 1972 में हस्ताक्षर हुए।
- भारत की प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी और पाकिस्तान के बीच 1972 में कश्मीर संबंधी नि:शस्त्र समझौता हुआ।
- कोलकाता में दूसरे हावड़ा पुल के नाम से मशहूर विद्यासागर सेतु का निर्माण 1979 में शुरु हुआ।
- मक्का से मीना जाने वाली सुरंग में 1990 को भगदड़ मचने से 1,426 हज यात्रियों की मौत हुई।
- रियो डि जेनरो (ब्राजील) में पृथ्वी सम्मेलन की शुरुआत 1992 में हुई।
- कुवैत में 50 सदस्यीय संसदीय चुनाव 1999 में सम्पन्न हुआ।
- लायसेनिया करासे फिजी के अंतरिम प्रधानमंत्री 2000 में नियुक्त।
- रूस की मारिया शारापोवा महिला 2004 में विम्बलडन चैम्पियन बनीं।
- महेश भूपति और मेरी पियर्स ने 2005 में विंबलडन टेनिस का मिश्रित युगल ख़िताब जीता।
- कैरेबियाई द्वीप पर 35 साल बाद पहली बार जीत दर्ज की।
- स्पेन ने 2006 में भारत को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद जताई।
- विवादास्पद लेखक सलमान रूश्दी ने 2007 में अपनी पत्नी पद्म लक्ष्मी से तलाक लेने की घोणा की।
- न्यूयार्क में दलितों का सम्मेलन 2008 में शुरू हुआ।
- वर्ष 2011 के विंबलडन ओपन ग्रैंडस्लेम के पुरुष वर्ग में नोवाक जोकोविच तथा महिला वर्ग में पेट्रा क्वीतोवा चैंपियन बने।

## विशेष आलेख

# ग्लोबल वार्मिंग तथा अप्राकृतिक उष्णता के प्रभाव से नदियों का अनियंत्रित प्रवाह

संजीव ठाकुर



हर वर्ष जल के भयानक रौद्र रूप देश के कई राज्यों को मुसीबत में डाल देता है।देश के अनेक राज्यों में जैसे दिल्ली ,गुजरात ,महाराष्ट्र, उत्तरांचल, और उत्तराखंड आदि में हर वर्ष मानव अपनी जान बचाने को तरस गया है। इसी तरह भूकंप के झटके कई प्रदेशों में जनहानि तथा मालहानी की विराट समस्या पैदा कर देता है। जन संख्या में बेतहाशा वृद्धि और जमीन में मकानों के बेतरतीब, अनियंत्रित निर्माण ने ऐसी स्थिति पैदा की हैद्य शहरों में ड्रेनेज सिस्टम बरसों पुराने हैं और अब लगभग असफल हो चुके जिसके फल स्वरूप जल का बहाव अनियंत्रित होकर शहरों के लिए विभीषिका बनकर टूट पड़ता है।देश में लगभग बाढ़ के प्रकोप से 1000 लोग प्रतिवर्ष जीवन काल से काल कवलित हो जाते हैं। हमें कब समझ में आएगा और हम कब अपनी इन हरकतों से बाज आएंगे। ग्लोबल वार्मिंग तथा अप्राकृतिक उष्णता के अनेक प्रभाव अब धरती, नदियां पहाड़, पेड़ एवं मानव जाति पर बेहद चिंताजनक रूप में दिखाई देने वाला है और निसंदेह यह प्राकृतिक संसाधनों का बेरहमी तथा अप्राकृतिक दोहन के फल स्वरुप होने वाला हैद्य जब हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जितनी बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहाने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनी यों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कल कल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं। नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी ना मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने ,महानगर बने ,मकान बने किंतु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत, हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन पानी, हरियाली,पक्षी जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध कंक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए । महात्मा गांधी ने खुद कहा है कि पृथ्वी पर सभी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधन है, किंतु मानव की लालच को पूरा करने का कोई साधन नहीं है। हम प्राकृतिक परियोजना तथा परिस्थितिकी की परियोजनाओं का स्वागत करना होगा सम्मान करना होगा। हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर, पवन, बायोगैस, ज्वार तरंग लहरों को ऊर्जा का आधार बनाना होगा। भारत में परिस्थितियां बड़ी विषम है एक तरफ सोडियम लाइट से नहाती दिल्ली ,मुंबई ,बेंगलुरु की रंगीन सड़कें हैं, ऊंची ऊंची इमारतें हैं, तेज गति की मेट्रो है,वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का लुफ्त उठाते हुए युवक युवतियां है, दूसरी तरफ पसीने से भीगा हुआ किसान हैं। कैरोसिन की चिमनी में बच्चों को कहानी सुनाती माताएं हैं। यानी कि इतनी डिजिटल विषम बताएं भारत के अलावा विश्व के किसी भी कोने में नहीं है। भारत में विकास के नाम पर डिजिटलाइजेशन करने की आवश्यकता जरूर है पर गांव जंगलों नदियों और प्राकृतिक संसाधनों के निरस्तीकरण और विनाश की कीमत पर नहीं। हमें यह साबित करना होगा कि भारत के विकास की हरित क्रांति के साथ-साथ डिजिटल इंडिया भी विकास की गति को बढ़ा रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत कि हरित क्रांति का विकास ही डिजिटल इंडिया का स्वप्न को भी पूरा करेगा। इसके लिए स्वच्छ साफ-सुथरे संसाधन जैसे जल, खनिज, यूरेनियम ,थोरियम नहीं होगा तब तक नाभिकीय रिएक्टर की भट्टीयां कैसे चलेंगी। किसी कवि ने कहा है,

**'जो घर बनाओ तो एक पेड़ भी लगा लेना,**
**पंछी सारे उपवन के चहचहा उठेंगे'।**

विकास का जो भी रास्ता या नक्शा हम तैयार करेंगे निश्चित तौर पर वह मार्ग हरित क्रांति या हरित विकास से होकर गुजरेगा, जिससे हम अपनी 140 करोड़ जनसंख्या को स्वच्छ वातावरण दे पाएंगे और एक नए भारत की कल्पना को साकार कर पाएंगे।

# सआदत चिकित्सालय टोंक एवं सीएचसी देवली में क्षय रोग की जांच सुविधा शुरू

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** क्षय मरीजों की जांच सुविधा के लिए सआदत चिकित्सालय टोंक एवं सामुदायिक केंद्र देवली में सीबी नॉट मशीन का संचालन शुरू किया गया है। सीएमएचओ डॉ. अशोक कुमार यादव ने बताया कि जिले में इससे पहले क्षय रोगियों की जांच के लिए आधुनिक सीबी नॉट मशीन जिला क्षय निवारण केंद्र, टोंक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मालपुरा में ही स्थापित थी। टीबी क्षय रोगियों को अपने नजदीक ही आधुनिक जांच सुविधा उपलब्ध हो सकेगी जिससे रोगी का समय व धन बच सकेगा। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. हिमांशु मित्तल ने बताया कि इसी सप्ताह जिले में दो और सीबी नॉट मशीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उनियारा व पीपलू में स्थापित हो जाएगी, जिससे मरीज अपने नजदीक ही गुणवत्ता पूर्ण जांच करवा सकेंगे। सआदत चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, डॉ. बीएल मीणा ने बताया कि जिला चिकित्सालय में इससे पूर्व बलगम की माइक्रोस्कॉपी द्वारा जांच होती थी अब सीबी नॉट मशीन स्थापित हो जाने से रोगियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समय पर जांच उपलब्ध हो सकेगी। इस दौरान सआदत चिकित्सालय के पैथोलॉजिस्ट डॉ. वसीम अंसारी, निसार खान आदि उपस्थित रहे।

# तीन बेटियों ने अपनी मां के नाम लगाए पौधे

बढ़ता राजस्थान

**निवाई, ( का.स. )।** भाजपा के एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरित होकर पौधारोपण कार्यक्रमों का अन्य जगहों पर भी आयोजन होने लगे हैं। इसी को लेकर चौहान एन्क्लेव में पौधरोपण किया गया। डॉ. चित्रा शर्मा के नेतृत्व में करीब 100 फल व छायादार पौधे लगाए गए हैं। इस अवसर पर डॉक्टर चित्रा शर्मा ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा व संतुलन के लिए सभी को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। इस मौके पर एक साथ तीन बेटियों ने अपनी मां के नाम पौधे लगाए। समाजसेवी ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि पौधारोपण के दौरान पपीता, आम, करंज, अशोक, कण्डीर, नींबू, नीम व सहेजन सहित अनेक छायादार व फलदार पौधे लगाए गए। इस अवसर पर पूर्व उपसरपंच रामलाल शर्मा, सत्यदेव पारीक, अजयकुमार शर्मा, हरि शर्मा, सिया शर्मा व सुशीला देवी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# बच्चों ने गांव में सर्वे में इकट्ठा किया ई कचरा

बढ़ता राजस्थान

**निवाई,( का.स. )।** ग्रीष्मकालीन शिविर के दूसरे दिन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बस्सी के बच्चों ने ई कचरा और उसको कम करने के तरीकों को जाना। विद्यालय की प्राचार्य डॉ कुसुम कौशिक ने विद्यार्थियों को वार्ता के माध्यम से बताया कि अपने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को साफ रखें ताकि जंग या गंदगी जैसी समस्याएं ना हो जो उपकरणों को ठीक से काम करने से रोकते हैं। कंप्यूटर मोबाइल फोन टैबलेट और अन्य इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के लिए नियमित रूप से सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर को अपडेट करना भी उन्हें इष्टतम स्तर पर चलने में मदद करता है। व्याख्याता जोया अमरीन खान ने बताया कि सर्किट बोर्ड को अधिकृत कंपनियां को भेजा जाता है जहां सर्किट बोर्ड को पिघलाकर चांदी की चेन, सोना तांबा और अन्य मूल्यवान धातुएं निकल जाती है। कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर चंद्रप्रकाश अजमेर द्वारा ई कचरे के का निपटान कैसे करें इस पर एक लघु फिल्म दिखाई गई। इस अवसर पर रामराज मीणा, हनुमानप्रसाद मीणा, रवीना जैन, रजनी मीणा, चांदमल मीना, मीनाक्षी गुर्जर, राजीव योगी, रमेश कुमार वर्मा, सुरेश चंद्र बैरवा, जय किशन चौहान, हरिकेश मीणा सहित कई शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# किसान महापंचायत को लेकर गांव-गांव कर रहे है संपर्क

बढ़ता राजस्थान

**निवाई,( का.स. )।** किसानों की समस्याओं को लेकर 14 जुलाई को आयोजित किसान महापंचायत को लेकर कार्यकर्ता गांव-गांव में संपर्क किया जा रहा है। जिसमें पंचायत मुख्यालय पर किसान महापंचायत की टीम का भी गठन किया जा रहा है। युवा प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वरप्रसाद चौधरी व तहसील उपाध्यक्ष दशरथ सिंह ने बताया कि ईसरदा बांध से निवाई क्षेत्र को नहरों द्वारा सिंचित किया जावे, खरीफ, रबी एवं जायद फसल को बर्बाद कर रहे सूअरों का सर्वे करके सूअरो को पकडकर बड़े वनों में छोडने, यूरिया डीएपी लेने वाले किसानों को जबरदस्ती नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, सल्फर जिंक, सारिका आदि देने को रोकने, कृषि उपज मंडी समिति में किसान पार्क का निर्माण करवाने सहित कई मांगों को लेकर आंदोलन की तैयारी शुरू हो गई है। उन्होंने बताया कि निवाई तहसील उपाध्यक्ष दशरथ सिंह, संगठन मंत्री शिवराज जाट व गोविंद ने पंचायत स्तरीय अध्यक्षों की नियुक्ति की है। ग्राम पंचायत बनस्थली से राजेंद्र यादव, राहोली से हरफूल मीणा, चतुर्भुजपुरा से कानाराम चौधरी, हनुतिया से नाथूलाल शर्मा, जोधपुरिया से लालाराम गुर्जर, चनानी से हनुमान प्रजापत को जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने बताया कि ग्राम स्तर पर भी कार्यकारणियों का गठन किया जायेगा।

# सेवा सत्र का दूसरा दिन गौ सेवा कर मनाया आज आयोजित होगा विशाल रक्तदान शिविर

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन के नए सत्र के दूसरे दिन क्लब के सभी सदस्य घाटी रोड स्थित श्री रामनारायण गोशाला पहुंच कर गौसवा कर सेवा का दूसरा दिन मनाया। मंगलवार को रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन के नए सत्र के अध्यक्ष अमित विजय के नेतृत्व में क्लब के कई सदस्य श्री रामनारायण गौशाला पहुंचे। यहां सभी सदस्यो ने गायो को गुड़ व चारा खिला कर गौ सेवा का पुण्य प्राप्त किया। इस दौरान अध्यक्ष विजय के अलावा पवन जैन संगम, अरूण काबरा, महेश गुप्ता, भागचन्द जैन, सीताराम स्वामी, राजेश पारीक सहित अन्य कई सदस्य मौजुद रहे।

**आज होगा विशाल रक्तदान शिविर :** रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन अध्यक्ष अमित विजय ने बताया कि रविवार को सुभाष सर्किल पर सवाईमानसिंह अस्पताल जयपुर के ट्रोमा यूनिट के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# कृषि मंडी में क्रय विक्रय रहेगा सुचारू

बढ़ता राजस्थान

**निवाई,( का.स. )।** राजस्थान सरकार के कृषि विपणन विभाग के निर्देशानुसार कृषि उपज मंडी में व्यापार सुचारू रहेगा। व्यापार मंडल के अध्यक्ष ओमप्रकाश चंवरिया व संरक्षक ताराचन्द बोहरा ने बताया कि सरकार द्वारा एक प्रतिशत कृषक कल्याण फीस का संधारण किया गया है। जिसे कम करने की मांग को लेकर कृषि विपणन विभाग के निर्देशानुसार कृषि उपज मंडी में 4 दिन क्रय विक्रय बंद करने का निर्णय लिया गया था। मंगलवार को राजस्थान खाद्य पदार्थ संघ के प्रयासों से सरकार द्वारा किसान कल्याण कोष को 31 अगस्त तक यथावत रखने का निर्णय लिया है।

# त्यौंहारो व पर्वो को लेकर उपखण्ड अधिकारी ने ब्लॉक स्तरीय अधिकारियो को दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में सोमवार को उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी की अध्यक्षता में ब्लाक स्तरीय अधिकारियो की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में तहसीलदार राहुल पारीक, विकास अधिकारी सतपाल कुमावत सहित अन्य सभी ब्लाक स्तरीय अधिकारी मौजुद रहे। बैठक में मौजुद अधिकारियो को निर्देश प्रदान करते हुए उपखण्ड अधिकारी चौधरी ने बताया कि केन्द्र व राज्य सरकार की हर जनकल्याणकारी योजनाओं का हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक व नैतिक जिम्मेदारी है। सभी अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर सरकारो की हर जनकल्याणकारी योजनाओं का हर पात्र तक पहुंचाने के लिए मिलकर कार्य करे। वहीं उपखण्ड अधिकारी चौधरी ने बताया कि आगामी दो माह सावन व भादवे में त्यौंहार व पर्वो की अधिकता है। साथ ही धार्मिक नगरी डिग्गी में पदयात्रा का लक्खी मेला भी इस दो माह की अवधि में ही आयोजित होगा। साथ ही अगस्त माह के दूसरे सप्ताह में कावड़ भी निकल सकती है। इन सभी पर्वो व त्यौंहारो व आयोजनो में सभी विभागो का सक्रिय सहयोग अपेक्षित है। सभी ब्लाक स्तरीय अधिकारी समय पूर्व सभी प्रकार की तैयार कर योजना बना लेवे। समय आने पर व पर्वो, त्यौंहारो व आयोजनो पर विभागो की ओर से दिए जाने वाले सहयोग को योजनानुसार देकर इन सभी आयोजनो, त्यौंहारो व पर्वो को सफल बनावे। उपखण्ड अधिकारी चौधरी ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार मालपुरा उपखण्ड के शहरी व ग्रामीण अंचलो में सघन पौधारोपण अभियान आयोजित किया जाना है। पौधे वन विभाग की नर्सरी में उपलब्ध है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी ब्लाक स्तरीय अधिकारी अपने विभाग सहित ग्रामीण अंचलो में अपने विभाग से सम्बन्धित क्षैत्रो में अधिक से अधिक पौधे लगावें। पौधे लगाने के बाद उनकी आगामी दो वर्ष तक सुरक्षा करने व सरंक्षण करने की जिम्मेदारी भी सौंपे।

# कृषि महाविद्यालय खुलवाने व सेटलमेंट को लेकर किसान संघ ने जलदाय मंत्री को सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** भारतीय किसान संघ की मालपुरा शाखा द्वारा प्रदेश के जलदाय मंत्री व क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी को ज्ञापन सौंपा है। मंगलवार को संघ अध्यक्ष गोपी गोदारा के नेतृत्व में पन्नालाल कारवाल सहित अन्य संघ के सदस्य किसानो का प्रतिनिधि मंडल प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने मिला। इस दौरान संघ की ओर से मालपुरा में कृषि महाविद्यालय खुलवाने सहित सेटलमेंट का कार्य शीध्र करवाने की मांग की। ज्ञापन में अवगत कराया गया कि मालपुरा क्षैत्र के कई युवा विद्यार्थी कृषि विषय लेकर उच्च अध्ययन करना चाहते हैं। लेकिन कृषि महाविद्यालय नहीं होने के चलते युवा बाहर जाकर अध्ययन करने में सक्षम नहीं होने के कारण बीच में ही अध्ययन को छोड़ने के लिए मजबूर हैं। वहीं ज्ञापन में यह भी बताया गया कि सम्पूर्ण मालपुरा क्षेत्र में राजस्व विभाग की ओर सेटलमेंट नहीं करवाया गया। जिसके कारण राजस्व की ख्सरा सीटे लगभग जीर्ण शीर्ण स्थिति में होकर फट चुकी है। खसरा सीटे नहीं होने से राजस्व सम्बन्धी मामले अदालतो में वर्षो से बकाया चल रहे हैं।

साथ ही सेटलमेंट नहीं होने से भूमि संबंघी विवाद भी काफी बढ़े हैं। इन सबको देखते हुए युवा के उज्जवल भविष्य के लिए मालपुरा में शीध्र कृषि महाविद्यालय खुलवाया जाए। साथ ही किसानो व आम जन को राहत देने के लिए मालपुरा क्षैत्र का नए सिरे से सेटलमेंट करवा कर राहत प्रदान करें।

ज्ञापन प्राप्त करने के बाद जलदाय मंत्री चौधरी ने संघ को आश्वासन दिया कि ये दोनो ही मांगे वाजिब है। इसलिए इन दोनो ही मांगो को वे सरकार स्तर तक पहुंचा कर पूर्ण करवाने का प्रयास करेगें।

# आपातकाल को लेकर विधानसभा स्तर पर काला दिवस मनाएगी भाजपा

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अजित सिंह मेहता के नेतृत्व मे बुधवार को आपातकाल को लेकर विधानसभा स्तर पर काला दिवस मनाया जाएगा। जिलाध्यक्ष अजित सिंह मेहता ने बताया कि काले दिवस के कार्यक्रमों को लेकर विधानसभा संयोजकों की नियुक्ति की है। जिसके अनुसार टोंक विधानसभा के लिए रमेश गढ़वाल, उनियारा विधानसभा के लिए नमोनारायण गौतम, टोडारायसिंह विधानसभा के लिए संत कुमार जैन, निवाई विधानसभा के लिए अंकुर गुप्ता और मालपुरा मंडल के लिए त्रिलोकचंद जैन प्रभारी होंगे।

# वेदिका को मिली इंदिरा प्रियदर्शिनी अवार्ड की स्कूटी

बढ़ता राजस्थान



**टोंक ( का.स. )।** जिले में वर्ष 2021-22 अपने वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा वेदिका छापरवाल पुत्री रवि टेलर, टोंक को बालिका शिक्षा फाउंडेशन, जयपुर की तरफ से इंदिरा प्रियदर्शिनी अवार्ड के तहत मंगलवार को स्कूटी भेंट की गई। वेदिका को 1 लाख रुपए की राशि का चेक पहले ही उसके खाते में डाला जा चुका है। जिला शिक्षा अधिकारी मीना लसारिया ने अपने कार्यालय परिसर में बालिका वेदिका को माला पहना और मुंह मीठा करवाकर स्कूटी की चाबी सौंपी। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी चौथमल चौधरी, वरिष्ठ उप जिला शिक्षा अधिकारी रामप्रसाद मीणा, कान सिंह मीणा, पारसमल जैन, देवेंद्र वैष्णव, गोविंद बंसल एवं विष्णु टेलर उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ सर्जन डॉ. बी एल गोचर के जन्मदिन पर पौधारोपण

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** शहर के प्रसिद्ध सर्जन डॉ. बी एल गोचर के जन्मदिन पर माल्यार्पण कर समाजसेवी डॉ दुर्गा शंकर सैनी द्वारा उपहार स्वरूप पौधे भेट किये गए। जिन्हें अग्रेसन पार्क महावीर नगर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर गिरीश गोचर, राम लखन, परमेंद्र सैनी, राकेश खींची, मुरली मनोहर, जयेश कुमार सत्यनारायण, विनीत स्टोन पोलू गुंजल, मुकेश मालव अन्य उपस्थित रहे।

# जलदाय मंत्री ने जिला गठन को लेकर गठित मंत्रीमंडलीय समिति की बैठक में लिया भाग

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा-टोडारायसिंह विधानसभा क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा की अध्यचत वाली जिला गठन को गठित मंत्रीमंडलीय समिति की बैठक में भाग लिया।

चौधरी ने शासन सचिवालय में आयोजित बैठक में भाग लिया। इस दौरान चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश का हर क्षेत्र में विकास को प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकार ने महज चुनावो में लाभ लेने के उद्धेश्य से जिलो व संभागो का गठन किया था। अब प्रदेश सरकार नवगठित संभागो व जिलो की समीक्षा कर रही है। समीक्षा के बाद समिति प्रदेश के मुख्यमंत्री को अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। जहां से जैसा भी और जो भी निर्णय होगा उसे अन्तिम रूप से माना जाएगा। वहीं उन्होंने यह भी बताया कि इस बाबत जिम्मेदार अधिकारियो को भी आवश्यक निर्देश प्रदान कर फील्ड में भेजकर रिपोर्ट मंगवाई जाएगी। जो भी नियमानुसार व तर्कसंगत निर्णय होगा उस बारे में समय आने पर सभी को जनकारी दी जाएगी। बैठक में समिति सदस्यो के अलावा कई अधिकारी भी मौजुद रहे।

**जनसेवा हमारा लक्ष्य व जनकल्याण हमारा संस्कार :** प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा है कि सबका साथ सबका विकास हमारा मुख्य उद्धेश्य है। जलदाय मंत्री चौधरी जल प्रबन्धन प्रणाली पोर्टल एवं राजस्थान जल जीवन मिशन डैशबोर्ड का शुभारम्भ करने के बाद अधिकारियो को निर्देश प्रदान कर रहे थे। चौधरी ने कहा कि हमारा विभाग प्रदेश के प्रत्येक जन को निर्बाध एवं मांग के अनुसार जलापूर्ति को जल प्रबंध प्रणाली लागू करने जा रहा है। इसके लागू होने के बाद आम जन को मांग के अनुसार जलापूर्ति हो सकेगी। जिससे सभी को राहत मिलना सुनिश्चित है।

**जलदाय मंत्री चौधरी को खींवसर विधानसभा के उपचुनाव को लेकर बनाया प्रभारी :** भारतीय जनता के प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र गोठवाल ने आगामी दिनो में प्रदेश में पांच विघानसभा क्षेत्रो के होने वाले उप चुनावो के लिए प्रभारी मनोनीत किए हैं। जिसमें प्रदेश की खींवसर विधानसभा क्षैत्र के लिए जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के साथ साथ मंत्री सुरेश रावत, विधायक बाबूसिंह राठौड़, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष नारायण पचोरिया व प्रदेश प्रवक्ता अशोक सैनी को प्रभारी मनोनीत किया गया है।

# सिरोही में विधायक रामसहाय वर्मा ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

## विधायक वर्मा ने जनसुनवाई में ग्रामीणो की फरियाद निस्तारण के निर्देश दिए

बढ़ता राजस्थान



**निवाई, ( का.स. )।** विधायक रामसहाय वर्मा ने ग्राम पंचायत सिरोही में उपखण्ड स्तरीय जन-सुनवाई में ग्रामीणो की फरियाद सुन उनके निस्तारण के निर्देश दिये। मंगलवार को हुई जन-सुनवाई में सिरोही, बड़ागांव, ललवाड़ी, श्रीरामपुरा, मेदारकला, भरथला, बहड़, जामडोली, जीवली, गोपालपुरा व अरनिया रामनगर धतूरी सिरोही के ग्रामीणों ने विधायक को पीने के पानी की समस्या रात्रि में बिजली कटौती सिरोही से बड़ागांव जाने वाली सडक़ मार्ग पर बारिश के दिनों में पानी भरे रहने की समस्या एवं गांव में हो रहे सरकारी जमीन पर अतिक्रमण एवं शिक्षा विभाग आदि मूलभूत समस्याओं के बारे में अवगत कराया अपनी समस्याएं बताई। विधायक ने उपस्थित उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों को जनसुनवाई में आए परीवादों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से करने के निर्देश दिए। जन-सुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने विधायक रामसहाय वर्मा व प्रधान रामअवतार लांगड़ी को साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी सुरेश हरसोलिया, तहसीलदार नरेश कुमार गुर्जर, दतवास थानाधिकारी हेमंत, विकास अधिकारी सुरेश वर्मा, एक्सईएन नंदकिशोर खिंची , सरपंच प्रमिला बेनीवाल, बड़ागाँव सरपंच प्रतिनिधि विनोद सांखला , जामडोली सरपंच सत्यनारायण खटिक , गंगदेव गुर्जर, रामेश्वर बेनीवाल, पटवारी मोनू चौधरी, पटवारी मदनलाल नोगिया , सुरेंद्र बेनीवाल, विजय सिंह गौड़, ग्राम विकास अधिकारी रमेश खीची , एलडीसी सुनील गुर्जर, रामस्वरूप जांगिड़, हनुमान गुर्जर मेदार, गोपीलाल डीलर, जगदीश सोनी कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

# श्री राधा दामोदर मंदिर की 11 बीघा जमीन पर बलशाली लोगों ने किया कब्जा

## कब्जे के विरोध में मंदिर समिति के सदस्यों ने किया धरना प्रदर्शन



बढ़ता राजस्थान

**निवाई,( का.स. )।** बरोनी थाना क्षेत्र के गांव रजवास में श्री राधा दामोदर मंदिर की 11 बीघा जमीन पर बलशाली लोगों ने अवैध कब्जा कर लेने के विरोध में राधा दामोदर मंदिर समिति के सदस्यों ने जुलूस के रूप में राजस्व विभाग के खिलाफ नारे लगाते हुए तहसील कार्यालय पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया। मंदिर समिति के सदस्य राजबिहारी शर्मा ने बताया कि राजस्व विभाग द्वारा श्री राधा दामोदर मंदिर समिति की 11 बीघा जमीन पर पत्थर गड़ी करने को लेकर मंदिर समिति के 50 सदस्य उक्त खतरा भूमि पर पहुंचे। तो वहां कब्जाधारी लोग अवैध हथियारों के साथ खड़े थे। उन्होंने बताया कि निवाई तहसील गिरदावर द्वारा बनाई गई रिपोर्ट में इसे नहीं दर्शाया गया। जिसको लेकर मंदिर समिति के सदस्यों ने तहसील कार्यालय पर गिरदावर के खिलाफ भी जमकर नारे बाजी की। वही बाबू पंडा ने गिरदावर पर सीधा कब्जाधारियों से मिलकर गलत रिपोर्ट तैयार करने व भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया। मंदिर समिति के सदस्यों ने विधायक रामसहाय वर्मा द्वारा संचालित जनसुनवाई में भी पहुंचकर उक्त घटना से विधायक को अवगत करवाया। मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने तहसीलदार नरेश गुर्जर को मंदिर समिति की भूमि को कब्जा मुक्त करने के निर्देश दिए। मंदिर समिति सदस्य राजबिहारी शर्मा ने बताया कि एक तरफ तो भाजपा सरकार सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने की बात करती है। वहीं सरकार द्वारा राजस्व विभाग के भ्रष्ट कर्मचारियों व अधिकारियों द्वारा मंदिर माफी जमीन पर कब्जा करवा रहे हैं।

समिति सदस्यों ने अति शीघ्र ही मुख्यमंत्री भजनलाल से उक्त घटना को लेकर मिलने का समय मांगा है।

इस दौरान मंदिर समिति अध्यक्ष रामलाल पंडा, कोषाध्यक्ष राजबिहारी शर्मा, मुंशी पंडा, बाबूलाल पंडा, शंकर पंडा, अभिषेक पंडा, अमित पंडा, निलेश पंडा, जय पंडा, केशव पंडा व आशीष पंडा सहित मंदिर समिति कई सदस्य मौजूद थे।

# ट्रैक्टर की टक्कर से मोटसाईकिल सवार की मौत



बढ़ता राजस्थान

**निवाई, ( का.स. )।** गांव जीवली मोड पर मंगलवार की सुबह एक ट्रैक्टर ने मोटरसाईकिल के टक्कर मार दी जिससे मोटरसाईकिल सवार की मौत हो गई। थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि शहर की सुभाष कॉलोनी निवासी ओमप्रकाश पुत्र सीताराम जायसवाल उम्र 42 वर्ष मोटरसाईकिल से बौंली जा रहा था। इसी दौरान जीवली मोड पर एक ट्रैक्टर चालक ने गफलत से चलाकर मोटसाईकिल के टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पंहुची और शव को राजकीय सामुदायिक अस्पताल में लाकर पोस्ट मार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# स्मार्ट फोन के लॉक तोड़ने के साथ उनके आईईएमआई नंबर को बदलने वाली गैंग चढ़ी पुलिस के हत्थे






बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** कोतवाली थाना पुलिस ने स्मार्ट फोन के लॉक तोड़ने के साथ उनके आईईएमआई नंबर को बदलने वाली गैंग को चार सदस्यों को पकड़ा है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपित उन फोन के नंबर को क्रेक करते थे, जो ग्राहक किश्त पर लिए फोन लेते थे। पुलिस जानकारी में सामने आया कि यह लोग कबाड़ और एक्सचेंज वाले फोन से ये सारा डाटा चुराते थे।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) राशि डोगरा डूडी ने बताया कि कोतवाली पुलिस ने रायसर प्लाजा में कार्रवाई करते स्मार्ट फोन के लॉक तोड़ने के साथ उनके आईईएमआई नंबर को बदलने वाली गैंग के अतुल गुप्ता (36) निवासी सूर्यनगर गोपालपुरा महेश नगर, लोकेश गर्ग उर्फ लालू (30) निवासी महावीर कॉलोनी विस्तार करतारपुरा महेश नगर हाल मांग्यावास मानसरोवर, गौतम सैनी उर्फ गोलू (38) निवासी रविन्द्र नगर जगतपुरा प्रतापनगर और महेश मुरजानी (53) निवासी सेक्टर-16 प्रताप नगर को गिरफ्तार किया है।

चारों आरोपी रायसर प्लाजा में दुकान चलाते थे और इन लोगों ने आस-पास ग्रामीण इलाकों में भी अपना नेटवर्क फैला रखा था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कम्प्यूटर, डेस्कटाप, लॉक तोड़ने और आईईएमआई नंबर क्रेक करने का सॉफ्टवेयर डिवाइस और 250 से ज्यादा मोबाइल जब्त किए है। पुलिस को आरोपियों के कब्जे से करीब 100 से अधिक बदले गए मोबाइल के आईईएमआई नंबर का रिकॉर्ड ट्रेस आउट भी मिले है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि जो ग्राहक किश्त पर फोन लेते है और समय पर वे उसे चुका नहीं पाते हैं तो उनका फोन लॉक हो जाता है। ऐसे में ये लोग कम्प्यूटर सिस्टम से मोबबाइल का लॉक तोड़ देते और फिर आईईएमआई नंबर बदल देते थे। इससे पहले कोतवाली थाना पुलिस को सूचना मिली कि रायसर प्लाजा में कुछ शॉपकीपर मोबाइल लॉक-अनलॉक करने और आईईएमआई नंबर क्रेक करने का काम कर रहते है। कोतवाली पुलिस ने डीएसटी नॉर्थ के साथ मिलकर रायसर प्लाजा में छापेमारी की। इनके पास कम्प्यूटर सिस्टम में (यूएमटी टूल, एमटीके-2, नया एएमटी, अनलॉक टूल-2, बोर्नियो, जेड डब्यू एक्स) सॉफ्टवेयर इंस्टॉल था। जबकि 20-25 हजार रुपए कीमत का हार्डवेयर डिवाइस (हार्डवेयर टूल यूएफएस,यूएफआई,ईएएसवाई जेटीएजी) का यूज करते थे।

हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर के जरिए ये पूरा काम होता था। आरोपियों ने बताया कि जिस मोबाइल का आईएमईआई नंबर बदलना होता उसे पहले कंप्यूटर से कनेक्ट करते थे। कम्प्यूटर से कनेक्ट करने के बाद इन सॉफ्टवेयर के जरिए पूरे फोन को रिस्टोर कर देते थे। इसके बाद जब इसमें मोबाइल की डिटेल मांगी जाती तो मॉडल नंबर और दूसरी जानकारी तो उसी फोन की रखते थे। लेकिन,जब प्डम्प् नंबर सॉफ्टवेयर मांगता तो ये किसी पुराने कबाड़ हुए या फिर एक्सचेंट में आए फोन के आईईएमआइ नंबर डाल कर उसे अपडेट कर देते थे। पुलिस ने चारों आरोपियों की दुकान से बड़ी संख्या में पुराने मोबाइल भी बरामद किए है। इनके पास एक रजिस्टर भी मिला है। इसमें सौ आईएमईआई नंबर की डिटेल है, जिन्हें दूसरे मोबाइल के लॉक तोड़ अपडेट किया गया है। इसके अलावा ये लोग खराब हो चुके की-पेड और स्मार्ट फोन भी अपने पास रखते थे। आरोपियों ने जयपुर और जयपुर ग्रामीण में भी अपने कस्टमर बना रखे थे।



# कैंसर की नि:शुल्क जांच के लिये राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में शिविर का आयोजन

## शिविर के पहले दिन 200 से अधिक लोगों ने लिया कैंसर की निशुल्क जांच का लाभ

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के अस्पताल परिसर में 2 जुलाई मंगलवार को कैंसर जांच आपके द्वार निःशुल्क शिविर का शुभारम्भ कुलपति प्रो. संजीव शर्मा, प्रो.के.भारती, प्रो.अनुपम श्रीवास्तव, प्रो.शरद पोर्टे,डॉ. यशवर्धन, डॉ. निधि गोयल ने किया। दो दिवसीय नि:शुल्क शिविर के पहले दिन 200 से अधिक लोगो की कैंसर स्क्रीनिंग के लिए विभिन्न प्रकार की निशुल्क जांच करने के साथ कैंसर रोग के लक्षण, बचाव एवं रोग से संबंधित जानकारी कैंसर विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सको द्वारा आमजन को दी गई। कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने दो दिवसीय कैंसर जांच आपके द्वारा कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया की आज बदलती जीवन शैली, गलत खानपान, धूम्रपान, समय पर जांच और जागरूकता के अभाव में कैंसर के रोगी बढ़ते जा रहे हैं। कैंसर की समय पर जांच एवं स्क्रीनिंग करने से इसका उपचार एवं निदान समय पर किया जा सकता है। आमजन में कैंसर की स्क्रीनिंग के लिए राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के अस्पताल परिसर में 2 और 3 जुलाई को निशुल्क जांच एवं जागरूकता शिविर भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल और कैंसर केयर के सहयोग से किया गया है।

सभी व्यक्ति अधिक से अधिक संख्या में बुधवार 3 जुलाई को नि:शुल्क कैंसर शिविर में जांच जरूर करवाये। राष्ट्रीय आयुर्वेद कैंसर परामर्श इकाई के प्रभारी प्रोफेसर शरद पोर्ट ने बताया दो दिवसीय शिविर में आने वाले व्यक्तियों की कैंसर की स्क्रीनिंग के लिए स्तन जांच के लिए मेमोग्राफी, गर्भाशय जांच के लिए पेप स्मीयर टेस्ट, फेफड़ों की जांच के लिए एक्स रे, ओवरी जांच के लिए सीए 125, प्रोस्टेट की जांच के लिए पीएसए के साथ कई प्रकार की रक्त से जुड़ी जांच निशुल्क की जा रही है।

# हजरत सैय्यद महबूब उर रहमान नियाजी रह.के आठवां उर्स मुबारक 4 जुलाई से

## बॉलीवुड के मशहूर मारूफ सिंगर अमान उर्स मुबारक पर देंगे अपनी प्रस्तुति

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** संसार चंद रोड स्थित मीर कुर्बान अली की दरगाह में हजरत सैय्यद महबूब उर रहमान नियाजी रह.के आठवें उर्स मुबारक की तैयारियां जोरों शोरों पर चल रही है 4 जुलाई से 6 जुलाई तक चलने वाले तीन दिन के उर्स में 4 तारीख को क्लासिकल म्यूजिक की महफिल सजेगी । जिसमें बॉलीवुड के सिंगर मो अमान के अलावा कई बॉलीवुड के मशहूर मारूफ गजल गायक जावेद हुसैन, सितार वादक,संतूर वादक और वायलन वादक अपनी प्रस्तुति पेश करेंगे। दरगाह के सज्जाद नशीन डॉक्टर सैयद हबीबुर्रहमान नियाजी ने कहा कि हज़रत सैय्यद महबूब उर रहमान नियाजी रह.का यह आठवां उर्फ मुबारक है जो की इस बार बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा 3 दिन तक चलने वाले उर्स में अलग-अलग दिन अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन होगा। देश भर से अकीदत मंद उर्स मुबारक में पहुंचेंगे । इस मौके पर बॉलीवुड के मशहूर मारूफ कव्वाल साबरी बंधु भी अपनी कव्वाली पेश करेंगे । इसके अलावा आखिरी दिन कुल की रस्म के साथ कुल का समापन होगा । नायाब सज्जादानशीन फैजू उर रहमान नियाजी ने कहा हजरत सैय्यद महबूब उर रहमान नियाजी रह.के उर्स की हर साल की तरह इस बार भी बड़े जोश के साथ तैयारी की जा रही हैं अकीदत मंद देश भर से आएंगे और उनके ठहरने का अलग-अलग जगह पर इंतजाम भी करवाया हुआ है तीनों दिन चलने वाले कार्यक्रम में हजारों की तादाद में अकीदत मंद अपनी मुरादे पाएंगे और दुआएं की जाएगी उर्स 4-5 और 6 जुलाई को कुल की रस्म के साथ मुकम्मल होगा।

# कॉमर्स कॉलेज में अध्ययनरत छात्र की दुर्घटना में मृत्यु पर परिजनों को कुलपति ने 12 लाख रुपए की सहायता

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** राजस्थान विश्वविद्यालय के कॉमर्स कॉलेज में बी बी ए द्वितीय वर्ष में अध्ययन कर रहे 19 वर्षीय छात्र चिन्मय गौड निवासी ब्रह्मपुरी जयपुर की जवाहर सर्किल पर राजस्थान रोडवेज की बस से दुर्घटना होने पर मौत हो गई थी। कॉमर्स कॉलेज का यह छात्र चिन्मय गौड़ अपनी बाइक पर सवार था और अचानक असावधानी के चलते सवाई माधोपुर डिपो की बस ने उसे पीछे से टक्कर मारी। जिससे छात्र चिन्मय गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर अवस्था में इस छात्र को जयपुरिया हॉस्पिटल में इलाज के लिए पहुंचाया गया ।जहां उसकी मृत्यु हो गई। राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर अल्पना कटेजा ने मंगलवार को इस छात्र के पिता संजय शर्मा को इस दुखद हादसे पर सांत्वना देते हुए राजस्थान विश्वविद्यालय की ओर से जारी 12 लाख रुपए की सहायता राशि का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो रामावतार शर्मा, चीफ प्रॉक्टर प्रो आरएन शर्मा, पीआरओ डॉ भूपेंद्र सिंह शेखावत भी उपस्थित थे।

# पुलिस हेड कस्टेबल और उसका दलाल 40 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** एसीबी अलवर-प्रथम टीम ने मंगलवार को करवाई करते हुये मुरारीलाल मीणा हैड कानिस्टेबल, पुलिस थाना लक्ष्मणगढ़ जिला अलवर पुलिस हेड कांस्टेबलं मुरारी लाल मीणा और उसके दलाल मंगल खाँ को परिवादी से 40 हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की अलवर -प्रथम टीम को परिवादी ने शिकायत दी गई कि उसके एवं उसके परिजनों के विरूद्ध दर्ज प्रकरण में आरोपियों के नाम निकालने की एवज में पुलिस हेड कांस्टेबल मुरारीलाल मीणा अपने दलाल मंगल खा मेव के माध्यम से 1 लाख रुपये की रिश्वत राशि मांग कर रहा है। जिस पर एसीबी अलवर-प्रथम टीम के पुलिस उप अधीक्षक महेन्द्र कुमार के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्यवाही करते हुए पुलिस हेड कांस्टेबल मुरारीलाल मीणा और उसके दलाल मंगल खाँ मेव को 40 हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया गया है।

# एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने मादक पदार्थो के कुख्यात तस्कर महिपाल कांवा को पकड़ा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने जोधपुर के शताब्दी सर्कल से मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त कुख्यात तस्कर महिपाल कांवा (32) निवासी डांगियावास जिला जोधपुर से पकडा है। गिरफ्तार तस्कर जोधपुर ग्रामीण पुलिस एवं प्रतापगढ़ पुलिस से 35 हजार रुपए का इनामी है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन बताया कि टीम को मादक पदार्थों की तस्करी में कुख्यात महिपाल बिश्नोई के बारे में सूचना मिली थी। पुष्टि होने के बाद एजीटीएफ द्वारा थाना कापरड़ा जोधपुर ग्रामीण को सूचना दी गई। दोनों टीमो ने संयुक्त कार्रवाई कर



जोधपुर शहर में शताब्दी सर्किल के पास से आरोपी तस्कर महिपाल कांवा को घेराबंदी कर दबोच लिया। आरोपी को डिटेन कर थाना कापरड़ा लाया गया। जिसे पूछताछ के बाद थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी तस्कर महिपाल विश्नोई के विरुद्ध वर्ष 2021 में 30 क्विंटल डोडा पोस्त तस्करी के मामले में प्रतापगढ़ जिले के सुहागपुर थाने में एवं साल 2023 में जोधपुर ग्रामीण जिले के कापरड़ा थाने में 28 क्विंटल डोडा पोस्त तस्करी के मामले में एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज हुआ था। दोनों मामलों में आरोपी घटना के समय से फरार था। इसकी गिरफ्तारी के लिए जोधपुर ग्रामीण एसपी द्वारा 25 हजार और प्रतापगढ़ एसपी द्वारा 10 हजार का इनाम घोषित किया गया था। एजीटीएफ के इंस्पेक्टर सुभाष सिंह तंवर के नेतृत्व में गठित टीम के सदस्य हैड कांस्टेबल राकेश जाखड़ की इस कार्रवाई में विशेष भूमिका एवं हैड कांस्टेबल महेश सोमरा, नरेंद्र सिंह, रविन्द्र सिंह, महावीर सिंह तथा कांस्टेबल नरेश कुमार व सुरेश कुमार का तकनीकी सहयोग रहा। आरोपी की गिरफ्तारी में एसएचओ कापरड़ा सुरेंद्र कुमार, कांस्टेबल संजय सिंह पांचाराम थोरी व हरसुख चौधरी का सराहनीय योगदान रहा।

# सिग्नल ऐप की मदद से जेल से दी जा रही धमकी कमिश्नरेट पुलिस जेल में बंद गैंग्स पर कस रही शिकंजा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** पुलिस अजमेर हाई सिक्योटरी जेल में आनंदपाल और लॉरेंस गैंग के हार्डकोर गुर्गों पर लगातार शिकंजा कसती जा रही है। जयपुर पुलिस की जांच में सामने आया था कि जेल से सिग्नल एप के जरिए ये बदमाश रंगदारी के लिए धमकी भरे कॉल कर रहे थे। ऐसे में जेल प्रहरियों और अधिकारियों की भूमिका संदेह के घेरे में है। वैशाली और चित्रकुट नगर थाना पुलिस अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल से चल रहे रंगदारी में जुड़े बदमाशों के साथ जेल प्रहरी-अधिकारियों की भूमिका की जांच में जुटी है। डीसीपी वेस्ट अमित कुमार ने बताया कि जांच में सामने आया कि अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल में बंद बड़े गैंगस्टर और बदमाश सिग्नल एप से कॉल कर रहे थे। जेल से ही ये गैंग को ऑपरेट कर रहे थे। कॉल कर वे अपने गुर्गों से हथियार और वाहनों की व्यवस्था करा रहे थे। हाई सिक्योरिटी जेल में बंद गैंगस्टर्स के पास सुविधाओं के लिए पैसों नहीं पहुंच रहा है। ऐसे में ये गुर्गों को रंगदारी की वसूली का टारगेट दे रहे हैं। इन बदमाशों के पास कॉल करने के लिए साधन कहां से मिल रहे हैं, इसकी जांच के लिए जेल प्रशासन को भी घेरे में लिया गया है। वैशाली नगर थाना पुलिस ने बदमाश सोनू सिंह को अरेस्ट किया था। सोनू को देसी कट्टे और कारसूत के साथ पकड़ा था। सोनू से शेखावटी में रंगदारी की धमकियों को लेकर इनपुट मिले। इसके बाद सोनू के 5 साथियों लोकेश साहू उर्फ मोदी (27) निवासी कुण्डेरा सवाई माधोपुर, गिरधारी मान (24) निवासी अमरसर शाहपुरा, हंसराज गुर्जर (19) निवासी गोकुलपुरा सीकर, जयसिंह (30) निवासी अराई अजमेर और कुलदीप वैष्णव (24) निवासी किशनगढ़ अजमेर को अरेस्ट किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो पिस्तौल और 6 कारतूस बरामद किए। पूछताछ में सामने आया कि रंगदारी के लिए गैंग ने शेखावटी के शराब और माइंस कारोबारियों की लिस्ट बनाई है। जयपुर पुलिस ने कार्रवाई की तो टारगेट मिस हुए। अगर पुलिस इन बदमाशों को गिरफ्तार नहीं करती तो अब तक करोड़ों रुपए की रंगदारी वसूली जा चुकी होती।

# संवेदनशीलता उत्कृष्टता की ओर ले जाने का मार्ग : अंकित झाम्ब

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, जयपुर में इंडक्शन प्रोग्राम में पीजीडीएम के 19वें बैच और पीजीडीएम-एसएम के 6 वें बैच के छात्रों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर ग्रांट थॉर्नटन भारत एलएलपी के मुख्य लर्निंग अधिकारी अंकित झाम्ब मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि कैसे संवेदनशीलता और अनुशासन ने कम आत्म-सम्मान वाले व्यक्ति को अनुशासन और आत्मविश्वासी बनने का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने छात्रों को हर चुनौती का सामना करने के लिए प्रेरित किया, यह बताते हुए कि जो लोग निरंतर सीखने की प्यास से प्रेरित होकर अपने सपनों की ओर दौड़ते रहते हैं, उनके लिए सपने साकार होते हैं। एचएसबीसी के सहायक उपाध्यक्ष विजय सदानानी ने जयपुरिया के पूर्व छात्र होने के नाते अपने कॉलेज जीवन से कॉर्पोरेट जगत तक की व्यक्तिगत यात्रा साझा की। उन्होंने छात्रों को सहपाठियों से सीखने, खुद को आगे बढ़ाने और संघर्षों के बावजूद निरंतर सीखते रहने के लिए प्रेरित किया। जयपुरिया,



जयपुर के निदेशक डॉ. प्रभात पंकज ने भी संगठित शिक्षा के महत्व पर मूल्यवान अंतर्दृष्टि साझा की। इंडक्शन प्रोग्राम की शुरुआत हवन और पूजा और पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुई। डीन अकादमिक्स डॉ. समर साराभाई ने समारोह का संचालन किया। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. वरुण चोटिया और डॉ. अपर्णा मेंहदीरत्ता ने छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

इस अवसर पर इन-हाउस मैगजीन 'जयपुरियन वर्ल्ड' का भी विमोचन किया गया। छात्रों के बीच सौहार्द बढ़ाने के लिए जयपुरिया समूह के एचआर प्रमुख राकेश के रंजन ने आकर्षक आइस ब्रेकिंग सत्र आयोजित किया। इंडक्शन प्रोग्राम में 300 पीजीडीएम छात्रों ने अपनी नई शैक्षणिक यात्रा शुरू की।

# ठाकुरजी को लाल रंग की नटवर लीला की पोशाक धारण करा सजाई आम की झांकी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** राजधानी जयपुर में आषाढ़ कृष्ण एकादशी मंगलवार को योगिनी एकादशी के रूप में भक्तिभाव से मनाई गई। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर मंदिरों में ठाकुर जी के दर्शन किए। आराध्य देव गोविंददेवजी सहित सभी प्रमुख वैष्णव मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्री हरि विष्णु के दर्शन करने पहुंचे। इस मौके पर गोविंद देवजी, पुरानी बस्ती के गोपीनाथ जी, चौड़ा रास्ता के राधा दामोदर मंदिर में ठाकुरजी को लाल रंग की नटवर लीला की पोशाक धारण कराकर गोचारण लीला के आभूषण धारण करा कर आम की झांकी सजाई। गोविंद देवजी मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़े। वहीं सुभाष चौक पानो का दरीबा स्थित श्री सरस निकुंज में ठाकुर राधा सरस बिहारी सरकार का वेदोक्त मन्त्रोच्चार के साथ अभिषेक किया गया। शुक संप्रदाय पीठाधीश अलबेली माधुरी शरण महाराज के सान्निध्य में ठाकुरजी का फूलों से श्रृंगार कर फलों का भोग लगाया गया।

# योगिनी एकादशी : श्री कृष्ण बलराम का पंचामृत अभिषेक के बाद लाल और हरे रंग की नवीन पोशाक कराई धारण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** योगिनी एकादशी के पावन अवसर पर मंगलवार को श्री कृष्ण बलराम मंदिर में विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए। जिसमें भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया है। जिसे देखकर भक्त भाव विभोर हो रहे हैं। मंगलवार सुबह से ही भगवान का आशीर्वाद लेने के लिए मंदिर में बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे और उनकी कृपा प्राप्त की। मंदिर में 2100 माला का जाप, तदनुसार 36 लाख 28 हज़ार 800 हरिनाम का जाप किया गया। मंदिर के मीडिया प्रभारी सिद्ध स्वरूप दास ने बताया कि योगिनी एकादशी के



अवसर पर मंदिर में बहुत से कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है, जिसमें महा जप यज्ञ प्रमुख है। इस यज्ञ में 41 प्रभुजी और 51 माताजी मिलकर 2100 माला का जाप किया गया हैं। सभी भक्त इस यज्ञ में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सैकड़ों लोग इस महा जप यज्ञ से ज़ूम ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भी जुड़े। कृष्ण बलराम को पंचामृत अभिषेक के बाद लाल और हरे रंग की नवीन पोशाक धारण करवाई गई है और ऋतु फल, साबूदाना खिचड़ी, पंजीरी, लड्डू, फलों का शेक इत्यादि का भोग लगाया गया है। उन्होंने बताया कि मंदिर में होने वाले सभी कार्यों से पूर्व साधक हरे कृष्ण महामंत्र का जाप करते हैं और इसके पश्चात अपने सभी कार्यों को पूर्ण करते हैं। योगिनी एकादशी पर श्री कृष्ण बलराम मंदिर का विशेष श्रृंगार भक्तों को अत्यंत आकर्षित किया और भक्तजन भगवान की कृपा प्राप्त किया।

# लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के हिन्दू विरोधी बयान के बाद भाजयुमो ने राहुल गांधी का फूंका पुतला

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** भाजपा युवा मोर्चा की ओर से कांग्रेस प्रदेश कार्यालय के बाहर राहुल गांधी का पुतला फूंका और कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भाजपा युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अंकित गुर्जर चेची के नेतृत्व में मोर्चा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेसी नेताओं से माफी मांगने की मांग की। भाजपा युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अंकित गुर्जर चेची ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हिन्दुओं को हिंसक बताया और हिन्दुओं का अपमान किया।

कांग्रेस पार्टी की ओर से एक समुदाय विशेष के लोगों के लिए हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। ऐसे में राहुल गांधी को सार्वजनिक रूप से हिन्दुओं के



खिलाफ दिए गए इस बयान को वापस लेते हुए माफी मांगनी चाहिए। राहुल गांधी के बयान के विरोध में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं में आक्रोश देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला फूंक कर विरोध जताया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी हाय हाय, गर्व से कहो हम हिन्दू हैं, राहुल गांधी माफी मांगो जैसे नारे लगाए।

# दुपहिया वाहन चुराने वाला वाहन सहित खरीदार भी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** रामगंज थाना दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर सहित एक खरीदार को भी गिरफ्तार किया है। जिनके पास से चार चोरी के दुपहिया वाहन बरामद किया है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि रामगंज थाना दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर रिजाय मियां निवासी कटोरा जिला टोंक सहित चोरी के वाहन खरीदने वाले बाबू खां निवासी कोतवाली-टोंक को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से रामगंज,माणक चौक,बजाज नगर थाना इलाके से चुराई गई चार दुपहिया वाहन बरामद किया है। आरोपित चोरी के दुपहिया वाहनों को टोंक ले जाकर सस्ते दामों में बेच देता है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

### कसाई पाड़ा मोहल्ले में फायरिंग कर किया था जानलेवा हमला

# हत्या के प्रयास के फरार चल रहे आरोपी को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (नि.स.)।** उपखंड की कोतवाली थाना पुलिस ने करीब सात महीने से फरार चल रहे हत्या के प्रयास के एक आरोपी को मुखबिर की सूचना पर सोमवार की रात शहर के हाईवे के उमरेह मोड़ से गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आया आरोपी ने सात महीने से फरार चल रहा था। जिसने शहर के कसाई पाड़ा मोहल्ले में रंजिशन फायरिंग कर जानलेवा हमला किया था। जिसमें एक व्यक्ति घायल हुआ था। घटना को लेकर पीड़ित ने कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराया था। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी।

कोतवाली थाना अधिकारी शिवलहरी मीणा ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा के निर्देश पर वांछित अपराधियों के खिलाफ धर पकड़ अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत बाड़ी शहर के कसाई पाड़ा मोहल्ले में 24 नवंबर 2023 की रात हुई फायरिंग की घटना का आरोपी अमरुद्दीन उर्फ धम्मो पुत्र नज्जो कुरैशी की गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे थे। जिसको लेकर मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया था।

ऐसे में सोमवार की रात जरिए मुख्य सूचना मिली कि आरोपी अमरुद्दीन उर्फ धम्मो कुरेशी शहर के हाईवे पर उमरेह मोड़ के पास देखा गया है। उक्त सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल किशोर जांगिड़ और बाड़ी सीओ नरेंद्र कुमार के सुपरविजन में कार्रवाई की। जिसमे थाने के हेड कांस्टेबल रामनरेश एवं कांस्टेबल मानसिंह के साथ मौके पर जाकर आरोपी अमरुद्दीन उर्फ धम्मो पुत्र नज्जो कुरैशी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार में आए आरोपी के खिलाफ धारा 307 आईपीसी में कार्रवाही की जा रही है।

**कसाई पाड़ा मोहल्ले में हुआ था झगड़ा, रंजिशन मारी थी चांद को गोली :** कोतवाली थाना अधिकारी शिवलहरी मीणा ने बताया कि 24 नवंबर 2023 की रात 9 बजे आरोपी अमरुद्दीन उर्फ धम्मो कुरैशी ने मोहल्ला कसाई पाड़ा में रंजिशन मोहल्ले के ही पीड़ित चांद उर्फ ठठेरा पुत्र छन्नू कुरेशी पर जानलेवा हमला किया था और कट्टे से फायर किया था। जिसमें चांद को गोली लगी थी और वह घायल हो गया था। जिसका मामला कोतवाली थाने में दर्ज कराया गया था। आरोपी धम्मो उर्फ अमरुद्दीन कुरैशी की पुलिस सात महीने से तलाश कर रही थी।

### पदम भूषण देवेन्द्र झाझड़िया ने जिला मुख्यालय स्थित नेचर पार्क में किया पौधरोपण

# जल, जंगल और जमीन को बचाने के लिए हर एक को आगे आना होगा : झाझड़िया



बढ़ता राजस्थान

**चूरू (सुरेश शर्मा)।** पदमभूषण देवेन्द्र झाझड़िया ने सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित नेचर पार्क में पौधरोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पौधरोपण के दौरान झाझड़िया ने कहा कि जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के लिए हर एक व्यक्ति को आगे आना होगा। प्रकृति के संरक्षण के लिए सभी आवश्यक रूप से अपने परिवेश में पौधे लगाएं तथा पौधों की समुचित देखभाल करें। मानव सभ्यता ने प्राकृतिक संसाधनों का अधिकतम दोहन किया है। इसलिए अब मानव सभ्यता के कल्याण व स्वस्थ सर्वाइवल के लिए आवश्यक है कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि प्रकृति के प्रति समर्पित रहकर हमें प्राकृतिक संसाधनों को सहेजना होगा। साथ ही पेड़, पौधों की समृद्ध संपदा को और अधिक विकसित करना होगा।

प्रत्येक व्यक्ति यदि अपने स्वयं व परिवार के समृद्ध स्वास्थ्य की कामना करता है, तो उन्हें पौधे लगाकर उसके सर्वाइवल की जवाबदेही लेनी होगी। हम सभी संकल्प लेकर इस वृक्षारोपण अभियान में आगे आएं और प्रकृति व प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करें। डीएफओ भवानी सिंह ने बताया कि वन विभाग की नर्सरियों में पौधे तैयार किए गए हैं, जिन्हें निर्धारित दरों पर आमजन के लिए उपलब्ध करवाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि पौधरोपण के दौरान बड़, पीपल व करंज के पौधे लगाए गए। इस दौरान एसीएफ रणवीर सिंह शेखावत, सौरभ, शिवराम आसिया, प्रशिक्षण रेंज ऑफिसर दीपचंद यादव, ताल छापर रेंज ऑफिसर उमेश, सरदारशहर रेंज ऑफिसर रामनिवास सहित अन्य उपस्थित रहे।

# पीएम कुसुम योजनान्तर्गत सोलर पंप संयत्रों की स्थापना हेतु आवेदन करें किसान

### सभी श्रेणी के पात्र कृषकों को 60 प्रतिशत मिलता है अनुदान, राज किसान साथी पोर्टल पर करना होगा ऑनलाइन आवेदन

बढ़ता राजस्थान

**चूरू (नि.स.)।** किसानों को कृषि कार्य में संबल प्रदान करने हेतु राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा अनेक प्रयास किए जा रहे है। कृषि कार्य को उन्नत बनाने व सिंचाई के लिए बिजली पानी की समुचित उपलब्धता करवाने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान उर्जा महाभियान (पीएम कुसुम) संचालित किया जा रहा है। योजनान्तर्गत सभी श्रेणी के पात्र किसान आवेदन कर सकते हैं। सभी श्रेणी के पात्र किसानों को सोलर संयत्र की स्थापना पर 60 प्रतिशत अनुदान तथा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग के कृषकों को राज्य योजनान्तर्गत 45000 रुपए का अतिरिक्त अनुदान मिलता है। जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने पात्र किसानों को अधिक से अधिक संख्या में सोलर पंप संयंत्र स्थापना के लिए आवेदन करने का अनुरोध किया है।

#### यह रहेगी पात्रता व आवश्यक दस्तावेज

उद्यान उप निदेशक डॉ धर्मवीर डूडी ने बताया कि योजनान्तर्गत आवेदन हेतु किसानों के पास न्यूनतम 0.40 हैक्टेयर कृषि भूमि का स्वामित्व व सिंचाई का स्त्रोत होना आवश्यक है। कृषक द्वारा पूर्व में सोलर पंप संयंत्र स्थापना पर अनुदान प्राप्त नहीं किया गया हो व कृषक के खेत में कृषि विद्युत कनेक्शन नहीं होना चाहिए। उन्होंने बताया कि किसानों को राजकिसान साथी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। ऑनलाइन आवेदन के समय आधार कार्ड व जनाधार कार्ड का अंकन करना होगा। इसी के साथ भूमि की डिजीटल हस्ताक्षर युक्त अथवा पटवारी से प्रमाणित जमाबंदी व नजरी नक्शा तथा जल स्त्रोत का प्रमाणित प्रमाण-पत्र एवं विद्युत कनेक्शन नहीं होने का ऑनलाइन स्वघोषित प्रमाण -पत्र आवश्यक होगा।

# विप्र फाउंडेशन के पदाधिकारी दिल्ली रवाना



बढ़ता राजस्थान

**चूरू (सुरेश शर्मा)।** चूरू जिले के विप्र फाउंडेशन के पदाधिकारी आज परशुराम कुण्ड तीर्थोन्नयन के विशिष्ट सहयोगी श्री गजेन्द्र सिंह जी शेखावत, माननीय पर्यटन व संस्कृति मंत्री एवं श्री चाऊना मीन जी, माननीय उप-मुख्यमंत्री अरुणाचल प्रदेश तथा नव-निर्वाचित सांसदों का सम्मान कार्यक्रम डॉ अम्बेडकर इंटरनेशनल सेण्टर ऑडिटोरियम, नई दिल्ली के लिए रवाना हुवे जिसमें राष्ट्रीय सचिव मुकेश रामपुरा का सानिध्य रहा। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के प्रदेश महामंत्री सुनील मिश्र विकास डूमोली प्रोफेसर अरविंद गौड़ रमाकांत शर्मा विमल शर्मा एडवोकेट दीपक शर्मा राकेश शर्मा अजय शास्त्री नीरज रामपुरा रामफल शर्मा रामचंद्र, पंडित वासुदेव शर्मा दीपचंद शर्मा चिरंजीलाल पंडित मनोहर सिंह रामविलास शर्मा प्रशांत शर्मा राहुल रुतला,इसी तरह सरदारशहर टीम प्रधान प्रतिनिधि श्री मधुसूदन राजपुरोहित के नेतृत्व में, वैध महेंद्र शर्मा विप्र फाउंडेशन सरदारशहर नगर अध्यक्ष अशोक पारीक देहात अध्यक्ष वरुण शर्मा मांगीलाल सेवदा नरेंद्र सिंह राजपुरोहित विप्र वाहिनी प्रदेश महामंत्री भरत शर्मा, राजेन्द्र तिवारी, भगवती शर्मा पवन शर्मा राधेश्याम शर्मा हेमंत व्यास रजनीकांत दाधीच राजकुमार शर्मा सहित कई अन्य विप्र बन्दु दिल्ली के लिये रवाना हुवे।

# एसडीएम ने उपखंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली, जन समस्या निस्तारण सहित विभिन्न मुद्दों पर दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (नि.स.)।** कस्बें के पंचायत समिति सभागार में एसडीएम रविकांत सिंह ने मंगलवार को उपखंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में आमजन की समस्याओं का हल करने सहित मानसून को लेकर ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों से चर्चा की गई। बैठक के दौरान एसडीएम ने सभी ब्लॉक स्तरीय विभागों में उनके अपने स्तर पर लंबित मामलों का समय पर नियमानुसार निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान किए जाने सहित ई-फाइलिंग पेंडेंसी, संपर्क पोर्टल, आयोग से प्राप्त प्रकरण, सतर्कता, आवंटन संबंधी लंबित प्रकरण, समपरिवर्तन, जांच संबंधी प्रकरण, कोर्ट संबंधी पेंडेंसी को समय पर निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने मानसून को देखते हुए बाढ़ राहत संबंधी कार्य, मौसमी बीमारियों, बिजली सप्लाई संबंधी समस्याओं, पशुपालन विभाग को पशुओं में फैलने वाली रोगों के बारे में टीकाकरण के संबंध में निर्देश दिए गए। सभी विभागों के अधिकारियों को पौधा रोपण के लिए प्रेरित किया और विभागों से संबंधित प्रकरणों की प्रगति रिपोर्ट की जानकारी ली गई।

# सैन समाज उत्थान समिति के निर्वाचित अध्यक्ष बने रवि सैन



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** जिला सैन समाज उत्थान समीति के चुनाव में जिलाध्यक्ष पद के लिए रवि सैन फौजी कों निर्विरोध निर्वाचित हुए सैन समाज अध्यक्ष पद के लिए चार आवेदन आए जिसमें एक आवेदन गलतियों के चलते रिजेक्ट हुआ । दो आवेदको ने अपने आवेदन वापस लिए । चुनाव मैदान में एक ही आवेदन होने पर निर्वाचित अधिकारी ने निर्विरोध निर्वाचित किया । फौजी के अध्यक्ष बनते ही समर्थको ने माला व साफा बंधवाकर भव्य स्वागत किया । इस दोरान रवि सैन ने कहा समाज हित में कार्य करूँगा एवं समाज में व्याप्त बुराइयो को खत्म कर समाज को विकास की ओर अग्रसर करेंगे।

# सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को अन्यत्र स्थानान्तरण की मांग को लेकर धरना जारी

### ग्रामीणों ने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण कार्य को रुकवाया




बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (नि.स.)।** कोटपूतली के ग्राम चतुर्भुज में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को अन्यत्र स्थानान्तरण की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा चतुर्भुज बचाओ आंदोलन के अन्तर्गत किया जा रहा धरना प्रदर्शन मंगलवार को भी निरन्तर जारी रहा। ग्रामीणों ने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण स्थल पर जाकर जबरन करवाये जा रहे निर्माण कार्य को रुकवाया तथा धरना प्रदर्शन कर अपना विरोध व्यक्त किया। चंद्रशेखर शर्मा व दिलीप यादव ने निर्माण कार्य के बारे में नगर परिषद आयुक्त को बताया। आयुक्त ने जे.ई.एन.को कार्य रुकवाने को कहा तथा बिना आदेश के निर्माण कार्य नहीं करवाने की बात कही। इस दौरान गिरिराज भारती, प्रताप सिंह यादव, दशरथ धानका, तुलसी स्वामी, गिरिराज स्वामी, किशनलाल स्वामी, रोहित स्वामी, विक्रम सैन, लोकेश धानका, विकास यादव, आदेश धानका समेत ग्रामीण महिलायें भी मौजूद रही।

# एनसीसी एटीसी कैंप में छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (नि.स.)।** कस्बे के सरदार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को एन एम एम एस परीक्षा में चयनित होने वाले छात्र-छात्राओं का एवं एनसीसी एटीसी कैंप में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले कैडेट्स का सम्मान किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य मनोरमा यादव ने बताया कि 10 दिवसीय एटीसी कैंप भवानी निकेतन जयपुर में सरदार विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स द्वारा शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल पांच मेडल प्राप्त किए हैं। जिसमें चार गोल्ड मेडल एवं एक सिल्वर मेडल है। कक्षा 10 की कैडेट यशस्वी सैनी द्वारा दो गोल्ड मेडल वाद - विवाद प्रतियोगिता एवं मंच संचालन में प्राप्त किया। कक्षा 9 की कैडेट्स आंचल सोनी ने नृत्य कला में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। निखिल सैनी द्वारा गोल्ड मेडल एवं मानसी सैनी ने सिल्वर मेडल ड्रिल प्रतियोगिता में प्राप्त किया है। इस 10 दिवसीय एटीसी कैंप में लगभग 20 स्कूल एवं कॉलेज के 600 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया था। इसमें मंच संचालन एवं वाद- विवाद प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल, इन सब मेडल के साथ विशेष रूप से विद्यालय के लिए बड़े हर्ष का विषय है। इसके अतिरिक्त एनएमएमएस प्रतियोगिता में विद्यालय के कुल 13 छात्र चयनित हुए हैं। विद्यालय स्तर पर छात्र निर्भय सैनी ने सर्वाधिक अंक प्राप्त किये एवं विद्यालय स्तर पर द्वितीय स्थान छात्रा आंचल सोनी ने प्राप्त किया। इन सभी विद्यार्थियों को कक्षा 9 से 12 तक प्रति माह 1000 की छात्रवृत्ति,4 वर्ष में कुल 48000 छात्रवृत्ति के रूप में प्राप्त होंगे। विद्यालय की प्रधानाचार्य मनोरमा यादव ने सभी चयनित विद्यार्थियों एवं मेडल प्राप्त करने वाली एनसीसी कैडेट्स को माला पहनाकर सम्मान किया गया।

साथ ही विद्यालय में कार्यरत अध्यापक संदीप कुमार जांगिड़,सुरेंद्र कुमार सैनी एवं भूमिका यादव का धन्यवाद व्यक्त किया, जिन्होंने इन छात्रों का तैयारी करवा कर, मार्गदर्शन कर परीक्षा में सफलता प्राप्त करवाई।

# छात्रावास परिसर में समर कैंप अंतर्गत सौ पौधे लगाए

### नवप्रवेशी बालक बालिकाओं का तिलक लगाकर स्वागत किया

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(नि.स.)।** कोटपूतली के ग्राम पवाना अहीर मूलचंद प्रभूदयाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रार्थना सभा के दौरान नव प्रवेशी बालक बालिकाओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। प्राचार्य महेश चंद यादव ने कहा कि शिक्षा ही जीवन है और बालक बालिकाओं को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना हम सबकी जिम्मेदारी है। साथ ही प्रकृति संरक्षण हेतु पौधारोपण कर पर्यावरण बचाना बेहद जरूरी है। संयुक्त सचिव शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार व माध्यमिक शिक्षा निदेशालय बिकानेर के निर्देशानुसार विश्व पर्यावरण दिवस के मध्य नजर एक जुलाई 2024 से सात जुलाई 2024 तक ग्रीष्मकालीन गतिविधियों में ग्राम पवाना अहीर के नवयुवक संगठन द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय छात्रावास परिसर में छोटे बड़े विभिन्न किस्म के सौ पौधे लगाए गए। प्राचार्य व विद्यालय परिवार ने संगठन के सभी नवयुवकों शंकर लाल यादव, राजेन्द्र खारड़िया, रमेश यादव, आशीष यादव, शशीकांत, रितिक,दीपक धानका, पंकज धानका,भगत, बबलू, अंकित, कोशिंदर, निर्मल यादव,चेतन यादव आदि का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।

# गौतम जैन, जैन सोशल ग्रुप के राजस्थान रीजन के चेयरमेन मनोनित

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (नि.स.)।** झालावाड़ जिले के चौमहला निवासी गौतम जैन को जैन सोशल ग्रुप का राजस्थान रीजन का चेयरमेन मनोनित किया गया। इनकी नियुक्ति से क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संतोष मामा ने चौमहला प्रवास के दौरान आयोजित बैठक में गौतम जैन को राजस्थान रीजन का चेयरमेन मनोनित करने की घोषणा की।राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय छाजेड़ ,राष्ट्रीय महासचिव मनोहर लोढ़ा ,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हंसराज जैन ने गोतम जैन को माला पहनाकर नई जिम्मेदारी सौंपी। इस अवसर पर नव नियुक्त राजस्थान रीजन चेयरमेन गोतम जैन ने कहा राष्ट्रीय फेडरेशन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है । उसे संगठन के सभी साथियों के सहयोग से राजस्थान रीजन को आगे बढ़ाया जाएगा।



# योगिनी एकादशी पर बाबा श्याम का सजा दरबार

### बाबा श्याम की 56 भोग मिस्ट व्यंजनों की सजी झांकी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** म्हारे घरा पधारो श्याम संस्था अग्रवाल फार्म के तत्वाधान मे एकादशी के उपलक्ष में श्याम पार्क सेक्टर 113 मे बाबा श्याम का दरबार सजा। संस्था के अध्यक्ष रतन कट्टा ने बताया कि उत्सव मे लखदातार का फूलों से मनमोहक श्रृंगार कर 56 भोग की झांकी सजाई । भगवान को मिस्ट व्यंजनों का भोग लगाया । बाबा की अलौकिक ज्योत प्रज्वलित कर महाआरती के साथ कीर्तन का शुभारंभ हुआ । दिल्ली से पधारे भजन गायक चैतन्य दाधीच ने बाबा श्याम की एक से बढ़कर एक रचना सुनाकर भक्तों को नाचने पर मजबूर कर दिया । स्थानीय भजन गायक गोपाल सेन राज राठौड़ ने बाबा के समक्ष भजनों की हाजिरी लगाई । भजन संध्या में श्रद्धालुओं द्वारा इत्र वर्षा पुष्प वर्षा होती रही ।एकादशी परबाबा श्याम की झांकी को देखने के लिए उमडी भक्तों की भीड़ बाबा श्याम के जयकारों से गूंज उठा श्याम पार्क । पूरे सत्संग स्थल को विशेष लाइटों और झंडे बैनर श्याम पताकाओ से सजाया ।

# तहसीलदार ने विद्यालय कुंडला और रावन गुराड़ी का औचक निरीक्षण किया



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला(नि.स.)।** झालावाड़ जिले के गंगधार प्रशासनिक अधिकारियों का नरेगा व विद्यालयों का लगातार निरीक्षण कर उन पर निगाहे लगा रखी है। तहसीलदार जतिन दिनकर ने मंगलवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुंडला और रावन गुराड़ी का औचक निरीक्षण कर विद्यालय की व्यवस्थाओं ,मिड डे मिल का निरीक्षण किया ।

इस दौरान दोनों विद्यालयों में एक एक अध्यापक अनुपस्थित थे ।उनके कालम खाली थे जिस पर अनुपस्थिति दर्ज की गई ।उच्च माध्यमिक विद्यालय रावन गुराडी में चल रहे नरेगा कार्य की जांच की गई।

# कंचनपुर ये तालाब नहीं कंचनपुर से गामरी को जाने वाला रास्ता है... कई महीनों से जमा है पानी

## घुटनों तक भरे पानी में से निकल रहे ग्रामीण, वाहन चालक हो रहे दुर्घटनाग्रस्त

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( नि.स. )।** कंचनपुर से गामरी के लिए जाने वाला रास्ता पिछले काफी समय से जल भराव की वजह से बंद पड़ा है। रास्ता बंद होने से सबसे ज्यादा परेशानी गामरी वासियों को उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों के प्रतिदिन कंचनपुर बाजार जाने से लेकर बच्चों के स्कूल पहुंचने परेशानी होती है। लोगों का आरोप है के स्थानीय ग्राम पंचायत सरपंच एवं क्षेत्रीय विधायक के द्वारा रास्ता एवं नाले निर्माण को लेकर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिसके चलते ग्राम वासियों को आवागमन के लिए खेतों की मेड का उपयोग करना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि पिछले काफी समय से कंचनपुर से गामरी जाने वाले मार्ग पर कंचनपुर कस्बे के मोहल्लों से निकलने वाला गंदा पानी रास्ते पर कई फीट भर गया है। इसके चलते गामरी वासियों, राहगीरों एवं दोपहिया वाहन चालकों का रास्ते से आवागमन बंद पड़ा हुआ है। लोगों ने बताया कि रोजमर्रा के काम से लेकर आपातकालीन स्थिति में लोगों को खेतों के रास्ते से आवागमन करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

# न्यूनतम मानकों व मापदण्डों के अभाव में संचालित अस्पताल पर लगाया 10 हजार का जुर्माना

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( नि.स. )।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देश पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की जिला स्तरीय टीम द्वारा निजी चिकित्सीय संस्थानों का निरीक्षण किया गया, जिसमें जिला मुख्यालय के बाड़ी रोड पर स्थित राधा रानी हॉस्पिटल क्लीनिकल एस्टाबिलिसमेन्ट एक्ट 2010 के अनुसार न्यूनतम मानकों व मापदण्डों के अभाव में संचालित होता पाया गया। जिस पर कार्यवाही करते हुए क्लीनिकल एस्टाबिलिसमेन्ट एक्ट 2010 के तहत 10 हजार रूपये राशि अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

# 17 साल का लड़का घर से लापता सात दिन बाद भी नहीं लगा कोई सुराग, पुलिस से मदद की गुहार

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( नि.स. )।** बाड़ी शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में एक 17 वर्षीय किशोर का लापता होने का मामला सामने आया है। उमरेह की निवासी गुमट एरिया से किराएदार सरस्वती देवी ने कोतवाली थाने में इस मामले की गुमशुदगी दर्ज रा की है। अदालती आदेश पर, कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच गुमट चौकी प्रभारी को सौंपी है, जो लापता हुए किशोर की तलाश कर रहे हैं। गुमट चौकी प्रभारी गोपाल सिंह ने बताया कि शहर के गुमट गैरत खेल निवासी किराएदार सरस्वती देवी पत्नी स्वर्गीय अमर सिंह निवासी उमरेह ने कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराया है। उसका 17 वर्षीय पुत्र राहुल उर्फ दीपू 25 जून की शाम छह बजे से लापता है। परिजनों, रिश्तेदारों और मोहल्ले वालों के सहयोग से इधर-उधर, रिश्तेदारी में और संभावित जगहों पर उसकी खोज की गई है, लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिला है।

# पेड़ मानव जीवन यापन के लिए बहुत ही आवश्यक होता है : महेंद्र कोली

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( नि.स. )।** देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी द्वारा और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा देश और प्रदेश स्तर पर चलाए जा रहे हैं अभियान एक पेड़ मां के नाम से अभियान की शुरुआत की गई एक पेड़ मां के नाम इसलिए भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने इस मुहिम एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हमने भी एक पेड़ लगाया इसलिए सभी कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी जिला मंत्री लोकेंद्र सिंह परमार ने कहा मानव जाति को अपने जीवन में पेड़ों की बहुत आवश्यकता है पेड़ों से हमें छाया मिलती है और फल मिलते हैं इस मौके पर मंडल महामंत्री बसेड़ी महेंद्र कोली जी ने कहा कि पेड़ों से हमें शुद्ध ऑक्सीजन मिलती है पेड़ों से वायुमंडल की हवा स्वच्छ रहती है पेड़ों से घरेलू उत्पाद लकड़ी फर्नीचर आदि घरेलू उसे में भी काम के आते हैं इसलिए सभी को अपने जीवन में अपने जन्मदिन पर शादी की सालगिरह पर और पुण्यतिथि पर अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए ।

# जिला धौलपुर के बाड़ी बसेड़ी सरमथुरा सैंपऊ मनिया कंचनपुर में बिना लाइसेंस के हाईवे किनारे धड़ल्ले से चल रहीं आरा मशीनें

## वन विभाग नहीं दे रहा ध्यान, वन विभाग ने 2017 से लाइसेंसों का नहीं किया नवीनीकरण, फिर भी कट रहीं लकड़ियां

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** प्रशासन एक तरफ पेड़ लगवाने की मुहिम चालू कर रहा है और दूसरी तरफ सरकार के अधिकारी हरे पेड़ौ को काटने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। इस बार पड़ी भीषण गर्मी ने लोगों को पेड़-पौधों की जरूरत बता दी है। इसके बावजूद भी कटाई को लेकर लोगों की सोच में बदलाव देखने को नहीं मिल रहा है। इलाके में संचालित आरा मशीनों पर रोजाना क्विंटलों सूखी और हरी लकडियों की कटाई होती है। वन विभाग वर्ष 2017 से अब तक जिलेभर में आरा मशीनों के लाइसेंस नवीनीकरण नहीं किए जाने के दावे कर रहा है। उसके बावजूद आरा मशीनों पर नीम, गूलर, पीपल, बबूल, शीशम, पापरी आदि के पेड़ों की लड़कियों के ढेर लगे हैं। सवाल उठता है कि जब आरा मशीनों के लाइसेंस नवीनीकरण नहीं हुए हैं तो फिर किस आधार पर इनका धड़ल्ले से संचालन किया जा रहा है। वह भी किसी गली मोहल्ले और खेत में नही बल्कि संभाग एवं जिला मुख्यालय को जोड़ने वाले नेशनल हाईवे किनारे। आखिर कौन है जो इन आरा मशीनों के संचालन के पीछे ढाल बनकर खड़ा हुआ है? उपखंड क्षेत्र में पेड़ों की कटाई से लेकर लकड़ी की तस्करी और अवैध आरा मशीनों का संचालन पूरे जोर शोर से चल रहा है। जिले का मनियां कस्बा लकड़ी तस्करी का प्रमुख केंद्र है और यहां हर महीने करोड़ रुपए की लकड़ी तस्करी का कारोबार होता है। वहीं उपखंड क्षेत्र में करीमपुर, करीमपुर का पुरा, तसीमों, रजौरा खुर्द, बसई नवाब बॉर्डर, कौलारी सहित अन्य कई गांवों में आरा मशीनों का धड़ल्ले से लकड़ियां काट रही हैं। गांव-गांव में संचालित इन आरा मशीनों के बारे में पटवारी से लेकर पुलिस कांस्टेबल और वन विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारियों को जानकारी होते हुए भी जिम्मेदारों के द्वारा इनके अवैध संचालन को रोकने की कार्यवाही नहीं की जा रही है।

### इनका कहना है

वर्ष 2017 के बाद आरा मशीनों के लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं किया गया है, उनके पास सैंपऊ नाके की जिम्मेदारी है, फिलहाल उन्हें इंटर रेंज मूल्यांकन में सर मथुरा लगा रखा है। अवैध आरा मशीनों के खिलाफ रेंजर के द्वारा जिले में कार्यवाही की जा रही है, रेंजर के पास भी धौलपुर सरमथुरा का अतिरिक्त चार्ज होने के साथ एसीएफ बाड़ी और धौलपुर का चार्ज है।

**गोपाल परमार, असिस्टेंट फॉरेस्टर नाका सैंपऊ**

# राज्य सरकार को मानसूनी सत्र में घेरे जाने की तैयारियां पूरी : नेता प्रतिपक्ष जूली

बढ़ता राजस्थान



**अलवर/जयपुर।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की अगुवाई में राजस्थान विधानसभा के मानसून सत्र यानि 3 जुलाई को सदन में सरकार को घेरने के लिए कांग्रेस रणनीति तय कर चुकी है। जूली ने कहा कि प्रदेश में बिजली.पानी की किल्लतए कानून.व्यवस्थाए महिलाओं पर अपराध के साथ ही पूर्ववर्ती सरकार की समीक्षा के नाम पर योजनाओं व नीतियों को बंद करने सहित विभिन मुद्दों पर भाजपा सरकार को घेरेंगे।

जूली ने कहा कि धृतराष्ट्र की तरह राजस्थान प्रदेश में सरकार चला रही पर्ची वाली सरकार ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में बनाए गए नए जिलोंए संभागों और कॉलेजों की समीक्षा का आदेश हाल ही में जारी किया है। इससे पहले चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना को बंद कर दिया गया वहीं महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों को भी फ्रि से हिंदी माध्यम स्कूलों में बदलने की सुगबुगाहट है।भाजपा सरकार बदले की भावना से काम कर रही है। जूली ने कहा कि विधानसभा सत्र में सबसे पहला मुद्दा देश के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाली नीट परीक्षा का रहेगा। चुनाव में बीजेपी ने बड़ी.बड़ी बातें की थींए हम सरकार को उसकी विफ्लताओं पर घेरेंगे। इस सरकार में छह महीनों में ही दलितों पर भी अत्याचार बढ़े है। उन्होंने कहा कि महिला.बच्चियों के खिलाफ तेजी से अपराध बढ़े हैं। पूरे प्रदेश में 5 अलग तरह के माफ्यिा पनप गए हैं, जो आमजन को टॉर्चर कर रहे हैं। सरकार की तरफ से कार्रवाई नहीं की जा रही है। सीएम के गृह जिले में अपराधों का ग्राफलगातार बढ़ रहा है। नेता प्रतिपक्ष जूली ने कहा विधानसभा सत्र में हम किसानों, युवाओं, महिलाओं, ईआरसीपी, पानी, बिजली, स्वास्थ्यए मंत्रियों के विवादित बयानए कानून व्यवस्था, बेरोजगारी,महंगाई, भ्रष्टाचार और प्रदेश की आम आवाम से जुड़े मुद्दों को प्रभावी तरीके से उठाएंगे।

**जूली बोले नए कानूनों पर उठ रहे सवाल :** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि 1860 की आईपीसी को बदलकर अब बीएनएस भारतीय न्याया संहिता कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि एक्सपर्ट्स के अनुसार नए प्रावधान इंस्पेक्टर राज को जहां बढ़ावा देंगे वहीं ये कानून जमानत के अधिकार पर अतिक्रमण है। उन्होंने कहा कि सरकारी फैसले के खिलाफ यदि कोई भूख हड़ताल करता है तो उसका यह विरोध करने का अधिकार भी छीन लिया गया है। उन्होंने कहा कि नए कानून स्पष्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि इस नए कानून में सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की भी अवहेलना की गई है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश थे कि अपराध का पता चलते ही तुरंत मामला दर्ज किया जाना चाहिए नए कानून में एफ्आईआर से पहले प्राथमिक जांच की बात सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि अपराधी की गैर हाजिरी में भी मुकदमा चलाया जा सकता है ऐसा नए प्रावधानों में है उसे दोषी भी ठहराया जा सकता है।उन्होंने कहा कि ऐसे में कानून व्यवस्था की निष्पक्षता पर सवाल उठना लाजिमी है।

# जिले मे शुरू हुआ स्टॉप डायरिया कैंपेन

## 31 अगस्त तक चलेगा अभियान आयोजित होंगी अनेक गतिविधियां

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( नि.स. )।** 5 वर्ष से छोटे बच्चों में दस्त से होने वाली बाल मृत्यु को शून्य करने हेतु जिले में 1 जुलाई से 31 अगस्त तक स्टॉप डायरिया केम्पेन आयोजित किया जावेगा । इस अभियान को, डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान थीम पर मनाया जाएगा। इसी क्रम में शहर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सागरपाड़ा पर आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को ओआरएस का घोल पिलाकर विधिवत रूप से अभियान का शुभारंभ किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जयंती लाल मीणा ने बताया कि अभियान का लक्ष्य दस्त के कारण होने वाली शिशु मृत्यु को शून्य करना है। गर्मी, मानसून के मौसम और बाढ, प्राकृतिक आपदा के दौरान डायरिया की संभावित उच्च घटनाओं से निपटने के लिए यह अभियान एक महत्वपूर्ण गतिविधि है। इस केम्पेन के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। आशा द्वारा 5 वर्ष से छोटे बच्चों के घर जाकर जिंक की गोली और ओआरएस उपलब्ध करवाया जाएगा। साथ ही दस्त होने की स्थिति में ओआरएस तथा जिंक का उपयोग प्रारम्भ करने की सलाह दी जाएगी। प्रत्येक चिकित्सा संस्थान, मेडिकल कॉलेज अस्पताल, जिला,उप जिला, सेटेलाईट अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, आयुषमान आरोग्य मन्दिर तथा आगनबाडी केन्द्रों में डायरिया प्रबंधन व ओआरएस व जिंक के उपयोग की सही विधि सिखाने हेतु ओआरएस जिंक कॉर्नर स्थिापित किये जाएंगे।

अभियान में चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, पंचायती राज, जल एवं स्वच्छता, लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी), ग्रामीण विकास, शहरी विकास, शिक्षा, जनजातीय कल्याण, सामाजिक न्याय, नगर पालिकाएं, सूचना एवं प्रसारण / प्रकाशन ब्यूरो आदि एवं जिले में कार्यरत डवलपमेंट पार्टनर एवं गैर सरकारी संगठन आईएमए, ड्रग एंड केमिस्ट एसोसिएशन, लायंस, रोटरी, एनसीसी, एनएसएस और राज्य/जिला स्तर पर अन्य स्थानीय साझेदार मिल कार्य करेंगे।

# लायंस क्लब अलवर मत्स्य ने मनाया चिकित्सा दिवस एवं 6 चिकित्सक एवं 1 सीए को किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान




**अलवर ( का.स. )।** लायंस क्लब अलवर मत्स्य की नई कार्यकारिणी द्वारा रीजन 2 सांवरिया के रीजन चेयरपर्सन लॉयन गिरीश गुप्ता के नेतृत्व में आज1 जुलाई 2024 को मित्तल हॉस्पिटल अलवर में चिकित्सा दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर रीजन चेयरपर्सन लायन गिरीश गुप्ता ने सत्र 2024-25 के प्रारंभ में ही अध्यक्ष लायन डॉ. मंजू अग्रवाल एवं लायन रामबाबू गुप्ता को मेल्विन जोहन्स फेलोशिप मेम्बर बनने की हार्दिक बधाई प्रेषित की। सचिव लॉयन सुधा अग्रवाल ने बताया कि चिकित्सा दिवस के उपलक्ष में लायंस क्लब अलवर मत्स्य की नए कार्यकारिणी की अध्यक्ष लॉयन डॉ.मंजू अग्रवाल, सचिव लॉयन सुधा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लॉयन संध्या अग्रवाल एवं समस्त नई कार्यकारिणी ने 6 चिकित्सक एवं 1 सीए को सम्मानित किया जिसमें चिकित्सकों को गमले में एक पौधा एवं चोकलेट देकर सम्मानित किया साथ ही उनके द्वारा किए गए मानव जन कल्याण में अविस्मरणीय कार्यों की भी प्रशंसा की गई इस मौके पर लायंस क्लब अलवर मत्स्य की नई अध्यक्ष लायन डॉण् मंजू अग्रवाल ने बताया कि आज सभी चिकित्सकों को उत्कृष्ट कार्य करने हेतु सम्मानित किया गया है जिन्होंने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से बेहतरीन सेवा मानव हित में दी है लायन डॉ.मंजू ने सभी पधारे हुए अतिथियों का शब्दों के माध्यम से स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित किया । इस मौके पर रीजन चेयरपर्सन लायन गिरीश गुप्ता को सभी ने स्वेच्छिक रक्तदान 70 वीं बार करने की शुभकामनाये प्रेषित की। इस मौके पर पूर्व रीजन चेयरपर्सन लायन अल्का मित्तल ने सभी को बधाई प्रेषित की।

**सम्मानित होने वाले चिकित्सको के नाम निम्न है :**लायन डॉ वीकेअग्रवाल, एमजेएफ लायन डॉ.एससी.मित्तल, लायन डॉ.महेश जैन ए लायन डॉ. ब्रिजेन्द्र गर्ग, लायन डॉ. मिथलेश गर्ग, लायन डॉ.मंजू अग्रवाल तथा चार्टेड अकाउंटेंट लायन विपिन जैन को लायंस क्लब अलवर मत्स्य द्वारा सम्मानित किया गया।

# आयुर्वेद शिविर में 41 रोगियों ने लिया परामर्श

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर आयुष्मान अलवर अभियान के तहत जय गणपत जन कल्याण ट्रस्ट अलवर के सहयोग से जिला आयुर्वेद चिकित्सालय बुद्ध विहार, ब्लॉक अलवर में निरूशुल्क बी.पी, शुगर एवं स्त्री रोग आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन प्रात: 9 से 1 बजे तक किया गया। चिकित्सा शिविर में डॉ सुमन यादवए डॉ प्रियंका आहूजा एवं डॉ पवन सिंह शेखावत द्वारा रोगियों को रक्तचाप विकारए मधुमेहए स्त्री रोग प्रदर विकारए महावारी विकारए पीसीओडी ए गर्भाशयगत विकारों के लिए 41 रोगियों को चिकित्सा परामर्श देकर निरूशुल्क दवा वितरण किया गया । शिविर में 30 रोगियों की निरूशुल्क बीपीए शुगर की जांच की गई। डॉ पवन सिंह शेखावत द्वारा इस अवसर पर वर्षा ऋतु में उचित आहार विहार की जानकारी रोगियों को दी गई। शिविर में नर्सिंगकर्मी भुवनेश शर्मा, नत्थी लाल सैन, , रेखा सहित जगदीश, ईशा,निर्मला एवं उषा का सहयोग रहा।

# संतोष देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा निर्मित पानी की खेल व टंकी का उद्घाटन किया गया

बढ़ता राजस्थान



**बहरोड़ ( सुभाष यादव )।** संतोष देवी चैरिटेबल ट्रस्ट जखराना के द्वारा मंगलवार को ट्रस्ट द्वारा निर्मित पानी की खेल व टंकी का उद्घाटन किया गया । इसका उद्घाटन अचार्य प्रदुम्न जी महाराज वह ट्रस्ट सचिव डॉक्टर शानू यादव प्रदेश प्रवक्ता भाजपा महिला मोर्चा राजस्थान के कर कमलों द्वारा किया गया। संतोष देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा जखराना गांव के पहाड़ी के अंदर विभिन्न स्थानों पर पशु एवं पक्षियों के लिए विभिन्न जगह खेल व टंकी बनाकर के पानी की व्यवस्था करवाई गई है। इस अवसर पर ग्रामीणों के द्वारा छायादार पेड़ लगाए गए । ट्रस्ट सचिव डॉक्टर शानू यादव ने बताया कि इस बरसात के मौसम में ट्रस्ट के द्वारा क्षेत्र की विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर हजारों की संख्या में पेड़ लगाए जाएंगे ताकि हम इस पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचा सके।

इस अवसर पर नरेश यादव , श्यामलाल शर्मा ,सुभाष शर्मा ,जयप्रकाश यादव ,हरिओम, रणधीर ,कंवर सिंह ,डेडराज ,अजय कुमार, यादराम , महेंद्र ,रेखा, मनोज, मंजू देवी, एवं ट्रस्ट के पदाधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

# इनर व्हील क्लब के नए सत्र की शुरुआत पौध रोपण के साथ

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** इनर व्हील क्लब के नए सत्र की शुरुआत 2024.25 में नई टीम द्वारा वृक्षारोपण और डॉक्टर्स डे का उत्सव मनाया गया। क्लब की नई कार्यकारिणी की सचिव दया गर्ग ने बताया कि एक जुलाई को नव सत्र के प्रारंभ में क्लब द्वारा गोद ली गई नमन होटल के सामने वाली त्रिकोणीय भूमि पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके साथ ही क्लब ने अपने सभी डॉक्टर सदस्यों को डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों के लिए सम्मानित किया। इस कार्यक्रम की प्रायोजक क्लब सदस्य सुषिला खंडेलवाल रहीं। क्लब के सभी सदस्यों ने इस पहले प्रोजेक्ट में हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीडीसी पुष्पा गुप्ता द्वारा की गई और क्लब की नई कार्यकारिणी की अध्यक्षा नीलू जैन द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस दौरान मधु नादान, मंजूए डॉ मोनिका,डॉ सरोज, डॉ कुक्कम, विनीता यादव, प्रतिभा, शकुंतला, शुशीला, अलका मित्तल, डॉ आभा स्पारा, डॉ ज्योति मौजूद रही।

# रुंध का पुरा का 17 वर्षीय किशोर गंभीर बीमारी से पीड़ित,परिवार लगा रहा मदद की गुहार, अब तक उपचार में खर्च हुए लाखो रूपये, परिवार पर बढ़ा कर्जा,एसडीएम को दिया ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड के रुंध का पुरा गांव निवासी एक 17 वर्षीय किशोर गंभीर बीमारी से पीड़ित है। किशोर के उपचार में परिवार अब तक 12 से 14 लाख रुपए की राशि खर्च कर चुका है। जिसमें सारी जमा पूंजी लगाने के साथ परिवार पर कर्ज भी चढ़ गया है। चिकित्सक अभी उपचार में ट्रांसप्लांट को लेकर 20 से 25 लाख रुपए का खर्चा बता रहे हैं। ऐसे में पुत्र की जिंदगी बचाने को लेकर गंभीर बीमारी से पीड़ित किशोर के पिता और ग्रामीणों ने आज एसडीएम राधेश्याम मीणा को एक ज्ञापन सौपा है। जिसमें सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

एसडीएम राधेश्याम मीणा को दिए ज्ञापन में गांव रुंध का पुरा निवासी विशंभर पुत्र नहनेराम कुशवाहा ने गुहार लगाई है उसका 17 वर्षीय पुत्र हरिराम पिछले एक वर्ष से गंभीर बीमारी अपीऑस्टिक अनैमिया नॉन सीवियर से पीड़ित है। पुत्र का उपचार वर्तमान में अपेक्स हॉस्पिटल जयपुर में चल रहा है। एक वर्ष में उपचार के दौरान चिकित्सको की सलाह पर 6 से 7 लाख की कीमत का एटीजी इंजेक्शन भी लग चुका है। चिकित्सक ट्रांसप्लांट की कह रहे हैं। जिसमें 20 से 25 लाख रुपए का खर्चा आएगा। ऐसे में परिवार सदमे में है और उपचार के लिए सरकार और प्रशासन से गुहार लगा रहा है।

# सैंट्रल जेल अलवर में बंदियों को जानकारी के लिए बताए गए नए कानून

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** केन्द्रीय कारागृह में नये आपराधिक कानून 2023 भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के संबंध में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रत्येक कर्मचारी एवं अधिकारीयों तथा बंदीयों को नये कानून की जानकारी दी गई। इस अवसर पर तुषार शर्मा माननीय विशिष्ट न्यायाधीश एनआई प्रकरण संख्या-01 अलवर, जेल अधीक्षक शिवेन्द्र शर्मा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मुकेश कुमार शर्मा अधिवक्ता महेश गोठवाल



अधिवक्ता वरिष्ठ चिकित्साधिकारी दीपेश सरथलिया, रविन्द्र उपाध्याय कारापाल ,सचिन कसाणा प्रशिक्षु उपकारापाल, ड्यूटी स्टाफमौजूद रहा।

कोटा विश्वविद्यालय का 10वां दीक्षांत समारोह

# विश्वविद्यालय वैश्विक चुनौतियों को स्वीकार करते हुए रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों का निर्माण करें : राज्यपाल

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने कहा है कि विश्वविद्यालय वैश्विक चुनौतियों को स्वीकार करते हुए रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों का निर्माण करें।

उन्होंने विश्वविद्यालयों को कौशल विकास से संबंधित शिक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए 'विकसित भारत 2047' की संकल्पना को साकार करने का आह्वान किया।राज्यपाल मंगलवार को कोटा विश्वविद्यालय के 10वें दीक्षांत समारोह में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं विद्या वाचस्पति अभ्यर्थियों को गोल्ड मेडल एवं उपाधियां प्रदान करने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में कन्या छात्रावास, धनवन्तरी भवन एवं बॉस्केबॉल, वॉलीबॉल, टेनिस कोर्ट का लोकार्पण भी किया। राज्यपाल ने कहा कि दीक्षांत शिक्षा का अंत नहीं बल्कि नव जीवन का प्रारंभ है। यह वह अवसर है जब विद्यार्थी प्राप्त शिक्षा का राष्ट्र और समाज के उत्थान में उपयोग करने के लिए तैयार होता है। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने साक्षी जैन को कुलाधिपति पदक, पूजा साहू को कुलपति पदक जबकि 60 छात्र-छात्राओं



स्वर्ण पदक एवं 49 विद्यावाचस्पति उपाधियां प्रदान की। कोटा विश्वविद्यालय की ओर से कुल 88 हजार 692 उपाधियां प्रदान की गई हैं। इनमें 43 हजार 677 छात्र (49 प्रतिशत) एवं 45 हजार 15 छात्राएं (51 प्रतिशत) शामिल हैं। राज्यपाल ने 51 फीसदी छात्राओं के उपाधि हासिल करने एवं शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने पर खुशी जताते हुए कहा कि बेटियों को अवसर प्रदान किए जाएं तो वे किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। छात्राएं अपनी प्रतिभा का समुचित सदुपयोग कर निरंतर आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने आव्हान किया कि छात्र-छात्राएं सामूहिक सहयोग से विकसित भारत का संकल्प पूरा करें। उन्होंने कहा कि इस समय हमारा देश अपने अमृत काल में है। जी-20 की अध्यक्षता भारत को मिली है और इस कार्यकाल ने भारत को एक महाशक्ति के रूप में उभारा है। भारत इस समय विश्व की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है। भारत के भविष्य को गढ़ने के सबके प्रयास एक नए भारत की नींव का निर्माण करने वाले है। मुझे विश्वास है कि 2047 में भारत एक विकसित राष्ट्र के रूप में समुचित विश्व का नेतृत्व करेगा। समारोह की शुरूआत में राज्यपाल ने संविधान की उद्देशिका एवं मूल कर्तव्यों का वाचन किया। दीक्षान्त भाषण में वनस्थली विद्यापीठ की कुलपति प्रो. ईना आदित्य शास्त्री ने कहा कि शिक्षा का ध्येय मात्र पुस्तकीय ज्ञान प्राप्त करना नहीं है। इसका मुख्य उद्देश्य मनुष्य का चारित्रिक निर्माण तथा ज्ञान के माध्यम से उसके व्यक्तित्व का विकास है। विश्वविद्यालय की कुलपति, प्रो नीलिमा सिंह ने विश्वविद्यालय प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरूआत में कुलपति प्रो नीलिमा सिंह ने राज्यपाल का स्वागत किया। अंत में कुलसचिव प्रो. रीना दाधिच ने धन्यवाद ज्ञापित किया। दीक्षान्त समारोह में वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा के कुलपति प्रो. कैलाश सोडानी, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय कोटा के कुलपति प्रो. एसके सिंह, कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अभय कुमार व्यास सहित कला, समाज विज्ञान, विज्ञान, वाणिज्य, शिक्षा, विधि संकाय व जीव विज्ञान के अधिष्ठाता उपस्थित थे।

# पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया ने भाजपा नेताओं के खिलाफ दर्ज करवाए मुकदमें, फर्जी दस्तावेजों से एफआईआर करवाने का आरोप

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया ने बारां जिले के भाजपा नेताओं के खिलाफ जयपुर में दो अलग-अलग मुकदमे दर्ज करवाए हैं, जिनमें अंता नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष व भाजपा नगर अध्यक्ष रामेश्वर खंडेलवाल, नगर परिषद बारां में पार्षद बीजेपी विजय पिपलानी और पूर्व नगर परिषद सभापति कमल राठौर शामिल हैं।

इन पर भाया ने आरोप लगाया है कि उन्होंने कूट रचित दस्तावेज तैयार करवाए थे, उनके आधार पर ही मुकदमें दर्ज करवाएं हैं। दोनों मुकदमें जयपुर के शिप्रापथ थाने में फर्जी दस्तावेज तैयार करने और सरकारी दस्तावेजों में कांट छांट करने सहित अन्य धाराओं में दर्ज हुए हैं। जयपुर के शिप्रापथ थाने के एसएचओ अमित कुमार शर्मा के अनुसार प्रमोद जैन भाया की शिकायत पर दो मुकदमें दर्ज किए गए हैं, जिनकी जांच वे स्वयं कर रहे हैं। भाया के दर्ज करवाएं गए पहले मामले में आरोप लगाया है कि कमल राठौर, रामेश्वर खंडेलवाल व मोहित कालरा ने कूट रचित अभिशंषा पत्र अंता पुलिस को पेश किया। शिप्रापथ थाने के एसएचओ अमित कुमार शर्मा के अनुसार उसमें दी गई डेट में काट छांट की गई। साथ ही प्रथम पैरा की तीसरी पंक्ति में रिक्त स्थान हैं, जिससे यह दस्तावेज स्वत: ही कूट रचित होना साफ है। इस मामले में आपराधिक तथ्यों के आधार पर धारा 193, 196, 200, 211, 465, 469, 471, 120-बी में मुकदमा दर्ज किया गया है। पूर्व मंत्री भाया ने आरोप लगाया है कि नगर परिषद के पूर्व सभापति कमल राठौर पर दो दर्जन धोखाधड़ी और फर्जीवाड़ा के मुकदमे दर्ज हैं, जिसमें न्यायाधीश के जाली हस्ताक्षर और सील लगाने का मामला भी है, इस पर भी चालान न्यायालय कर चुका है।

दूसरे मुकदमें में बारां नगर परिषद में भाजपा पार्षद विजय पिपलानी, नगर परिषद के पूर्व सभापति कमल राठौर और नगर परिषद कर्मियों ने कूट रचित और फर्जी पत्रावली के शामिल करने का आरोप लगा है। यह 9 सितंबर 2012 की पत्रावली है। इस इकरारनामे पर जुडिशल टिकट चस्पा है, वह किसी अन्य स्टाम्प से इस कूट रचित इकरारना में पर चस्पा करने का आरोप लगाया है। इस मामले में 193, 200, 211, 466, 468, 469, 471, 477, 408, 409, 379, 120-बी की धाराओं में आपराधिक प्रकरण दर्ज हुआ है। प्रमोद जैन भाया ने आरोप लगाया है कि षड्यंत्र करते हुए आपराधिक दुष्प्रेरण से उनके खिलाफ कोतवाली थाने बारां में मुकदमे दर्ज करवाए गए हैं, इसमें नगर परिषद बारां के रिकॉर्ड के साथ छेड़छाड़, काट छांट, कूटरचना व राजकीय रिकॉर्ड को भंग व चोरी करने जैसा आपराधिक कृत्य किया गया है।

पूर्व मंत्री भाया के वह तीन बार विधायक और दो बार कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे हैं। उनकी पत्नी उर्मिला जैन भाया बारां की जिला प्रमुख व कांग्रेस की तरफ से बारां-झालावाड़ लोकसभा सीट पर प्रत्याशी रही हैं, इसलिए रंजिशवश मेरे राजनीतिक कद को नुकसान पहुंचाने, मुझ पर दबाव और भय बनाने के लिए षड्यंत्रकारी तत्वों ने यह मुकदमे दर्ज करवाए थे। इनमें एक मुकदमा लोकसभा चुनाव में नामांकन भरने के 1 दिन पहले कूट रचित तथ्यों के आधार पर दर्ज हुआ था।

# अतिक्रमणकारियों के धमकाने के बाद किसान की सदमे से मौत

## उपखंड अधिकारी कार्यालय के बाहर शव रखकर परिजनों ने दिया धरना

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** बूंदी जिले के हिण्डोली थाना क्षेत्र के हिंडोली कस्बे में अतिक्रर्मियों के धमकाने से किसान की मौत का मामला सामने आया है। घटना के बाद विभिन्न मांगों को लेकर परिजनों ने किसान का शव एसडीएम ऑफिस के बाहर रखकर धरना शुरू कर दिया। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने, एसडीएम को तत्काल प्रभाव से एपीओ करने, जमीन का सीमा ज्ञान करने, जमीन पर जाने का रास्ता बहाल कराने और मृतक के परिवार को 50 लाख की आर्थिक सहायता और एक व्यक्ति को नौकरी देने की मांग की है।

थानाधिकारी पवन मीणा के अनुसार मृतक के पुत्र ने रिपोर्ट दी है। उसका आरोप है कि अतिक्रमण करने वालों की ओर से धमकाने से पिता कैलाश की



सदमे में मौत हुई है। अभी पोस्टमार्टम नहीं हुआ है, जिससे रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। अगर किसी ने धमकी दी है तो उसकी जांच हो जाएगी और मुकदमा दर्ज किया जाएगा, अभी परिवार के लोग मुआवजा सहित अन्य मांगों को लेकर एसडीम ऑफिस के बाहर शव को लेकर धरने पर बैठे रहे। मृतक के बेटे रामलाल के अनुसार उसके पिता कैलाश पुत्र ग्यारसी लाल के खाते कब्जे काश्त की भूमि ग्राम सिंघाड़ी में स्थित है। कुछ लोगों ने जमीन पर अतिक्रमण कर जबरन तारबंदी कर दी है। भूमि पर आने जाने वाले दोनों रास्तों को जबरन कब्जा करके अवरुद्ध कर दिया है। इसपर परिवार सहित एसडीएम कार्यालय हिण्डोली के बाहर 26 जून से लेकर 28 जून तक धरना दिया और एसडीएम विनोद मीणा को इस संबंध में अवगत कराया, लेकिन प्रशासन ने परिवार को डरा धमकाकर धरना समाप्त करा दिया। उनका आरोप है कि प्रशासन ने रास्ता बहाली का झूठा आश्वासन दिया, इससे उसके पिता गहरे सदमे में चले गए और उनकी तबीयत खराब हो गई।1 जुलाई को आरोपी घर पर आए और परिवार को धमकी देकर गए। इससे उसके पिता और गहरे सदमे में चले गए मंगलवार सुबह उनकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। साथ ही प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए 50 लाख रुपए का मुआवजा राशि देने, परिवार में से एक सदस्य को सरकारी नौकरी, खाता कब्जे की भूमि का सीमा ज्ञान कर अतिक्रमण मुक्त करवाने और जमीन पर जाने का आम रास्ता बहाल करने की मांग की है। साथ ही कार्य में लापरवाही बरतने और परिवार को डराने धमकाने के दोषी उपखंड अधिकारी को तत्काल एपीओ कर विभागीय कार्रवाई करने की मांग की है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का एक पेड़ मां के नाम अभियान नरसिंहगढ़ ग्राम पंचायत से पौधारोपण कार्यक्रम शुरू

# जिला प्रमुख भुपेन्द्र सिंह सोलंकी ने कहा- परिवार का हर सदस्य पौधे लगाए

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** छोटीसादड़ी विधानसभा के नरसिंहगढ़ ग्राम पंचायत में जिला प्रमुख भुपेन्द्र सिंह सोलंकी की ओर से जिला स्तरीय पौधारोपण कार्यक्रम का आगाज छोटीसादड़ी रोड स्थित ग्राम पंचायत परिसर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रमुख भुपेन्द्र सिंह सोलंकी पूर्व विधायक अशोक नवलखा प्रधान निम्बाहेड़ा बगदी राम धाकड़ ने इस दौरान पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ किया।



कार्यक्रम में जिला प्रमुख भुपेन्द्र सिंह सोलंकी ने कहा कि ग्राम पंचायत नरसिंहगढ़ के ग्रामवासियों ने जो मुझसे मांग की उसमें ग्राम पंचायत भवन की 4 दिवारी निर्माण कार्य 5 लाख रुपये, श्मशान घाट चार दिवारी निर्माण कार्य 3 लाख, ट्यूबवेल बोर खनन मय एसेसरीज देव नारायण जी मंदिर के पास 1 लाख 30 हजार रुपये व कदमली गाँव मे 4 दीवारी श्मशान निर्माण कार्य 3 लाख रुपये व कदमली पार्क की 4 दिवारी निर्माण कार्य खाकल देव जी मंदिर के पास 5 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की जिला प्रमुख ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान किया है,उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि साल में एक बार परिवार का हर सदस्य अपनी मां के नाम एक पेड़ जरूर लगाए। ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए हम इस धरती को हरा-भरा कर सकें। पिछले 50 सालों में हमने प्रकृति के साथ जो खिलवाड़ किया है, जिसकी वजह से प्राकृतिक असंतुलन बना है।कार्यक्रम के दौरान प्रधान बगदी राम धाकड़ ने कहा कि अभियान को लेकर ग्राम पंचायत नरसिंहगढ़ से शुरुवात कर ग्राम पंचायत परिसर का चयन किया है। बारिश के मौसम में जनसहयोग से अधिकाधिक पौधारोपण किया जाएगा। कार्यक्रम को पूर्व विधायक अशोक नवलखा , मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ओर सरपंच बलवंत सिंह ने भी संबोधित किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष रत्नेश छाजेड़, शंकर सिंह बंजारा ,पुष्कर धाकड़, संजय चपलोत,राजपाल सिंह मौजूद रहे।

# बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी देने की जरुरत : भगवानशरण बापू

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** उज्जैन से अल्प प्रवास पर कोटा आए महाराज भगवान शरण बापू का मंगलवार को श्रीनाथपुरम बी स्थित राइज और साइन स्कूल में आत्मिक अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर भगवान शरण बापू ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी देना आज की जरुरत है। बच्चा स्कूल में आकर श्रेष्ठ नागरिक बनना चाहिए। उन्होंने स्कूल की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के क्षेत्र में इस प्रकार के बच्चों के स्कूल की बहुत ही सख्त आवश्यकता है। राइस एंड शाइन स्कूल की निदेशक अर्पिता द्विवेदी ने बताया कि राइज एंड शाइन स्कूल में छोटे बच्चों के लिए बहुत ही आकर्षक सुविधा है। यहां बच्चों का विशेष ध्यान रखा जाता है। सीसीटीवी और बच्चों के खेलने के लिए पूरे उपकरण उपलब्ध हैं। यही नहीं राइस एंड शाइन स्कूल में क्रेच की सुविधा भी उपलब्ध है। जो माता-पिता सरकारी सेवा में या प्राइवेट सेवा में हैं। वे अपने बच्चों को हमारे स्कूल में प्रवेश कर सकते हैं।

# चैक अनादरण के आरोपी को गंगापुर न्यायालय ने सुनाई सजा

बढ़ता राजस्थान

**गंगापुर/भीलवाडा (नि.स.)।** अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रविन्द्र यादव ने चैक अनादरण के आरोपी को एक वर्ष के साधारण कारावास व 7 लाख रुपए के अर्थदंड की सजा का आदेश सुनाया । उल्लेखनीय है कि परिवादी मोहनलाल पिता बिहारी लाल सुखवाल निवासी सहाड़ा से आरोपी जगदीश चंद्र पिता मूलचंद जाट ने 6 लाख रुपए उधार लिए और उक्त रुपयों की पुन: अदायगी हेतु 6 लाख रुपए का चैक परिवादी को दिया था। आरोपी जगदीश चंद्र जाट द्वारा पारिवादी को वापस रुपए नहीं लौटने पर परिवादी ने चैक बैंक ऑफ़ बड़ौदा शाखा सहाड़ा में पेश किया जो चेक अनादरण होकर लौटा,जिस पर परिवादी मोहनलाल ने अपने अधिवक्ता रामेश्वर लाल जाट एडवोकेट के जरिए आरोपी जगदीश जाट के विरुद्ध धारा 138 परक्राम्य लिखित अधिनियम के तहत न्यायालय में अभियोग पत्र पेश किया ,न्यायालय ने आरोपी को तलब कर दोनों पक्षों की सुनवाई करते हुए अभियुक्त जगदीश पिता मूलचंद जी जाट निवासी सहाड़ा को 1 वर्ष के साधारण कारावास और 7 लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित कर सजा सुनाई ।

# डॉ. दुर्गा शंकर सैनी का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस के अवसर पर प्रबुद्ध जन विचार मंच एवं माली समाज के प्रबुद्धजनों की ओर से दादाबाड़ी में समाजसेवी डॉ. दुर्गा शंकर सैनी का साफा व माल्यार्पण कर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर पुरुषोत्तम अजमेरा ने डा. सैनी के चिकित्सा जीवन और आमजन की सेवा, समर्पण पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में गुरु नाथूलाल पहलवान, महेंद्र सुमन, अवधेश अजमेरा, चंद्रप्रकाश सुमन, भानु पहलवान, ओम प्रकाश ,राकेश, मुकेश सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## 'आओ गांव चले' अभियान का शुभारंभ

# प्रत्येक गांव बनेगा आकांक्षी गांव : जिला कलक्टर




बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** कोटा जिले की ग्राम पंचायतों के समस्त ग्रामों को 'आकांक्षी ग्राम' मानते हुए विकास के विभिन्न मापदंडों में सुधार करने, जनकल्याणकारी योजनाओं में शत-प्रतिशत उपलब्धि अर्जित करने, ग्राम स्तर तक राजकीय संस्थानों एवं आधारभूत ढांचे की उपलब्धता को सुनिश्चित करने, नागरिकों को दी जाने वाली मूलभूत सुविधाओं जैसे शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण आदि के विकास के साथ-साथ आमजन की समस्याओं के नियमित रूप से समाधान के लिये सम्पूर्ण कोटा जिले में 'आओ गांव चले' अभियान का शुभारम्भ किया गया है। कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने मंगलवार को जिला परिषद् स्थित विवेकानन्द हॉल में 'आओ गांव चले' अभियान के तहत आयोजित आमुखीकरण कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस अभियान के तहत अधिकारी, ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान ढूंढने का सार्थक प्रयास करें। कलक्टर डॉ गोस्वामी ने बताया कि इस अभियान के लिये प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर प्रभारी अधिकारी तथा 5-5 पंचायतों के कलस्टर पर पर्यवेक्षण अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। ये अधिकारी 4 जुलाई को अपनी आवंटित ग्राम पंचायतों का सघन दौरा करेंगे तथा निर्धारित प्रारूप में ग्राम पंचायत की सामान्य जानकारी तथा ग्रामवार समस्याओं की जानकारी लेंगे। इस अभियान के माध्यम से शिक्षा, चिकित्सा, आवास, रोजगार, स्वच्छता, पानी, बिजली, सड़क, बैंक, परिवहन सुविधाओं आदि की गहन समीक्षा की जायेगी। 5 जुलाई को जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जायेगा, जिनमें गावों की समस्याओं एवं आवश्यकताओं को ग्रामीणों के समक्ष पढ़कर सुनाया जायेगा और समाधान के लिए विचार विमर्श किया जायेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस अभियान को नियमित रूप से चलाया जायेगा एवं समय-समय पर प्रभारी अधिकारियों से प्रगति की समीक्षा की जायेगी।

कार्यशाला में अभियान के सहायक नोडल अधिकारी नयन गौतम, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मजहर इमाम, उपखण्ड अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, शिक्षा व चिकित्सा सहित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

# अग्रवाल वैष्णव मोमीयान पंचायत महिला मण्डल ने किया पौधरोपण

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** अग्रवाल वैष्णव मोमीयान पंचायत महिला मंडल ने अग्रसेन वाटिका तलवंडी में जामुन बेलपत्र, नीम, पीपल के 21 पौधे लगाए गए। इस मौके पर सचिव सुनीता गोयल ने कहा कि हमें वातावरण के संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए।

साथ ही रोपे गए पौधों की देखभाल भी जरुरी है। अध्यक्ष शिखा मित्तल ने कहा कि पौधे हमारे वातावरण शुद्ध करने के



लिए बहुत जरूरी हैं। हमें सार्वजनिक जगहों पर जितने हो सके ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए। इस अवसर पर संरक्षिका सावित्री गुप्ता, सुशीला गर्ग, मनोरमा अग्रवाल, संगीता गुप्ता, प्रमिला गर्ग, प्रीती अग्रवाल, मधु मित्तल, रानी गर्ग, कविता गर्ग, सुनीता कोयला वाली समेत कई लोग मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब कोटा सेंट्रल के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने किया पदभार ग्रहण

## चिकित्सक और सीए का सम्मान कर, छात्राओं को किया जागरुक

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** रोटरी क्लब कोटा सेंट्रल के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सरोया एवं सेक्रेटरी भुवन सिंह गौड़ ने कोटा क्लब में पौधरोपण कर पदभार ग्रहण किया।इस दौरान मुख्य अतिथि प्रज्ञा मेहता तथा डॉ. जितेंद्र सिंह थे। कार्यक्रम में डॉ. निधि बरथूनिया ने छात्राओं को किशोर अवस्था से संबंधित प्रशिक्षण देकर जागरूक किया।



प्रज्ञा मेहता ने कहा कि क्लब का मुख्य ध्येय मानव सेवा है। जिसको केन्द्र में रखते हुए रोटरी क्लब काम कर रहा है। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि चिकित्सक को भगवान का दर्जा दिया गया है। जबकि चिकित्सक के लिए उसका पेशेंट ही भगवान है। रोगी का उपचार करते हुए वह अनुभव प्राप्त करता है। डॉक्टर कभी भी अपने मरीज का बुरा नहीं चाहता। इस दौरान असिस्टेंट गवर्नर सुनीता काबरा ने धन्यवाद अर्पित किया। डॉ सूरी ने संचालन किया। इस अवसर पर डॉ. राकेश जिंदल, डॉ. आईपी सूरी, डॉ. विक्रांत माथुर, डॉ. अंशुल माथुर, डॉ. अंकिता माथुर, डॉ. साकेत गोयल, डॉ. सलिल मित्तल, डॉ. इकबाल, डॉ. अर्शी, डॉ. सिद्धार्थ माथुर, डॉ. जुझर अली, डॉ. समीर माहेश्वरी, डॉ. मनीष गर्ग, डॉ. विनीता गर्ग, डॉ. विनीत गुप्ता, डॉ. विनीत चावला, डॉ. आशीष शर्मा, सीए विपुल अग्रवाल, मुस्तफा अली, सिद्धार्थ मित्तल, प्रीतम गोस्वामी, रोहित पाटोदी, साहिल बिरला का अभिनंदन किया गया।

# सहकारी भूमि विकास बैंक के कृषि ऋण जमा अवधि 15 जुलाई तक बढ़ाई

## विधायक कृपलानी ने मुख्यमंत्री को जमा अवधि बढ़ाने के लिए लिखा था पत्र

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा(नि.स.)।** राजस्थान राज्य के भूमि विकास बैंक के किसानो को 5 प्रतिशत ब्जाज अनुदान योजना के तहत ऋण दिये गये थे, जिसकी जमा की अवधि मार्च 2024 तक ही थी, जिसे राजस्थान सरकार द्वारा जमा तिथि को 15 जुलाई 2024 तक बढ़ा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि ऋण जमा अवधि की अंतिम तिथि बढ़ाने के लिए पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखा था। पत्र के माध्यम से विधायक कृपलानी ने सीएम शर्मा को अवगत कराते हुए बताया था कि किसानो की फसलो की बिक्री जून माह तक हो पाती है, जिससे किसान ऋण समय पर जमा नही करवा पाते है। किसान वर्ग के हितों को दृष्टिगत रखते हुए 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान ऋण योजना की अवधि को बढ़ाने के आदेश प्रदान किये जाए।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

बढ़ता राजस्थान एक्सक्लुसिव

# जयपुर डिस्कॉम : चार नए उपखंड कार्यालय खोले, इंफ्रास्ट्रक्चर का ठिकाना नहीं...

## उपभोक्ताओं को नहीं पता वे अब कहां बताएं अपनी बिजली समस्या

## न नया स्टॉफ लगाया और न ही उपभोक्ता पत्रावलियां ट्रांसफर हुई

## पत्रकार कॉलोनी, मुहाना मंडी, शिकारपुरा और एनआरआई कॉलोनी में खुले हैं नए सब डिविजन ऑफिस

रोशनलाल शर्मा, स्वतंत्र पत्रकार

**जयपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** जयपुर डिस्कॉम ने शहर में बिजली की व्यवस्थाओं में सुधार और उपभोक्ताओं को राहत देने का दावा करते हुए हाल ही में चार नए उपखंड कार्यालय (सब डिविजन ऑफिस) खोलने की स्वीकृति जारी की है। इसके तहत मानसरोवर सब डिविजन के दो टुकड़े करने के बाद अब पत्रकार कालोनी, सांगानेर सब डिविजन को दो टुकड़े करने के बाद अब मुहाना मंडी, प्रतापनगर सब डिविजन के दो टुकड़े करने के बाद अब शिकारपुरा और जगतपुरा सब डिविजन के दो टुकड़े करने के बाद अब एनआरआई कॉलोनी में एक-एक सब डिविजन ऑफिस और हो गया है।

दरअसल वाहवाही लूटने के चक्कर में जयपुर डिस्कॉम ने बिना प्लानिंग के नए कार्यालय खोलने की घोषणा कर डाली। खबर ये है कि दावे के विपरीत जयपुर डिस्कॉम ने नए कार्यालय खोलने के आदेश तो जारी कर दिए लेकिन इनके इंफ्रास्ट्रक्चर का कोई अता-पता नहीं है। नए कार्यालय खुलने की घोषणा के साथ ही नए कर्मचारियों का रिक्रूमेंट, नए ऑफिस भवन, फर्नीचर, सब डिविजन कार्यालय में बैठने वाले सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता के मोबाइल नम्बर, उन कार्यालयों के बैंक खाते, उन कार्यालयों में शामिल किए जाने वाले उपभोक्ताओं की पत्रावलियां और तमाम संबंधित काम के लिए काम आने वाले सब डिविजन कोड का अब तक कोई अता पता नहीं है। हालात ये है कि उपभोक्ता अब किंकर्तव्यविमूढ़ की स्थिति में है। उनको पता ही नहीं है कि आखिर वे अब किस सब डिविजन कार्यालय के बिजली उपभोक्ता है। सूत्रों का कहना है कि जयपुर डिस्कॉम को इन तमाम कार्यों और इन्फ्रास्ट्रक्चर की व्यवस्था करने में ही कम से कम तीन माह लग जाएंगे। कई सहायक अभियंताओं से बढ़ता राजस्थान की बात हुई तो उनका अनुभव था कि जब-जब भी किसी नए सब डिविजन कार्यालय में उनकी नियुक्ति हुई, ऑफिस की व्यवस्थाओं को करने में उनके जूते घिस गए क्योंकि उन्हें हर काम के लिए हैड ऑफिस के चक्कर लगाने पड़े थे।

### उपभोक्ता को पता नहीं वह अपनी समस्या कहां बताएं

इन चार नए उपखंड कार्यालयों में कौन-कौन सी कॉलोनियां शामिल होंगी इसको उपभोक्ता को पता ही नहीं है। इस संबंध में कोई जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई। नियमानुसार जयपुर डिस्कॉम प्रबंधन को उपभोक्ताओं के हित में समाचार पत्रों के जरिए जानकारी दी जानी चाहिए थी कि वे अब किसी उपखंड कार्यालय में सम्पर्क करेंगे।

### स्टाफ की कोई व्यवस्था अब तक नहीं

इन उपखंड कार्यालयों की घोषणा और स्वीकृति के साथ ही नए स्टॉफ की पोस्टिंग हो जानी चाहिए थी। होता ये है कि सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता को लगा दिया जाता है लेकिन निचला स्टाफ बहुत देर से मिलता है। वह भी दूसरे बिजली कार्यालयों से नए में ट्रांसफर किया जाता है। ऐसे में दोनों जगह का काम बिगड़ता है। जयपुर डिस्कॉम ने नए दफ्तरों के लिए नई पोस्टिंग क्यों नहीं की है। घोषणा के साथ ही पोस्टिंग ऑर्डर देना चाहिए।

### कहां होगा बैंक खाता, क्या होगा अधिकारियों का मोबाइल नम्बर

जयपुर डिस्कॉम के सभी सहायक अभियंताओं का एक सीयूजी मोबाइल नम्बर होता है। जो उपभोक्ता की जानकारी में होना चाहिए। उस मोबाइल नम्बर का आवंटन नहीं किया गया है। अभी तो एईएन और जेईएन का ही उपभोक्ताओं को पता नहीं है। इसके अलावा बैंक खाता खुलता है। नए सब डिविजन कार्यालय के उपभोक्ताओं के बिजली बिल कहां जमा होंगे। वहां कैशियर कहां जाकर पैसा जमा करेगा।



### उपभोक्ताओं की फाइल भी ट्रांसफर होती है

नए सब डिविजन कार्यायल में उपभोक्ताओं की पत्रावलियां भी ट्रांसफर होनी है। उपभोक्ता को यदि लोड बढ़ाना है या फिर नाम चेंज कराना है तो उसे तो यही जवाब मिलना है कि फाइल दूसरे कार्यालय से नहीं आई। पहले फाइल लाओ।

### सब डिविजन कोड के बिना बिलिंग नहीं

जयपुर डिस्कॉम प्रशासन अब तक सब डिविजन कोड भी आवंटित नहीं किए। कोड आवंटित नहीं होगा तो उपभोक्ता की बिलिंग कैसे होगी। कम्प्यूटर सिस्टम का तो कोड चाहिए होता है। बिना कोड कम्प्यूटर काम ही नहीं करता।

# खड़गे बोले- मुझे अध्यक्ष बनाने वाली सोनिया गांधी

## राज्यसभा के सभापति बोले- किसने बनाया, आप जानें; चेयर का अपमान ठीक नहीं

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** संसद सत्र के सातवें दिन (2 जुलाई) को राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ और नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच तीखी बहस हुई। खड़गे ने बहस के बीच धनखड़ से कहा कि मुझे कांग्रेस अध्यक्ष बनाने वाली सोनिया गांधी हैं, आप नहीं। इसके जवाब में सभापति धनखड़ ने खड़गे से कहा कि आपको किसने बनाया, ये आप जाने, लेकिन आप हर बार चेयर को नीचा नहीं दिखा सकते। इस देश और संसदीय लोकतंत्र और राज्यसभा की कार्यवाही के इतिहास में चेयर के प्रति इतनी अवहेलना कभी नहीं हुई, जितनी आपने की।

### धनखड़ ने जयराम रमेश को खड़गे की जगह लेने को कहा, इससे शुरू हुआ विवाद


राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी बोल रहे थे। इसी दौरान सभापति धनखड़ की मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस सांसद जयराम रमेश के साथ बहस हुई। धनखड़ ने कहा कि जयराम रमेश बार-बार उन्हें टोक रहे थे। जब जयराम खुद बोलने के लिए खड़े हुए तो धनखड़ ने कहा, जयराम रमेश, आप समझदार हैं, आप प्रतिभासंपन्न हैं, गुणवान हैं, आपको तो तुरंत आकर खड़गे की जगह ले लेनी चाहिए क्योंकि आप खड़गे का ही काम कर रहे हैं। इस पर खड़गे ने कहा, 'देखिए, ये वर्ण व्यवस्था जो आपके दिमाग में छपी हुई है, उसे यहां बीच में मत लाइए। इसी वजह से आप रमेश को समझदार और बुद्धिमान कह रहे हैं और मुझे बेवकूफ बता रहे हैं, ताकि वे मेरी जगह ले सकें।' धनखड़ ने कहा कि खड़गे को उनकी बात समझ नहीं आई और उनके शब्दों का गलत अर्थ निकाला गया।



### धनखड़ से खड़गे बोले- आपने मुझे अध्यक्ष नहीं बनाया

इसके बाद खड़गे ने कहा कि यह पद मुझे कांग्रेस पार्लियामेंट्री पार्टी चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने दिया था। मुझे सोनिया गांधी ने अध्यक्ष बनाया है। यह पद देने का अधिकार सिर्फ सोनिया गांधी के पास है, न धनखड़ के पास और न जयराम रमेश के पास। मुझे जनता ने बनाया है। इस पर धनखड़ ने खड़गे से कहा कि मैं उस स्तर पर नहीं आना चाहता। आपको किसने बनाया, ये आप जाने। आप हर बार चेयर को नीचा नहीं दिखा सकते। हर बार चेयर का अपमान नहीं कर सकते। आप अचानक खड़े हो जाते हैं और जो आपके मन में आता है वह कहने लगते हैं, ये समझे बिना कि मैं क्या कह रहा हूं।

## अखिलेश बोले-बीजेपी की अयोध्या हार, भगवान राम का फैसला



लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने 28 मिनट तक बोला। उनका बयान यूपी पर केंद्रित रहा। सपा प्रमुख ने अयोध्या और पेपर लीक जैसे मुद्दों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा- यूपी के साथ भेदभाव हुआ। जिसका खामियाजा जनता भुगत रही। यूपी सरकार पेपर लीक करा रही, जिससे उसे नौकरी न देनी पड़े, लेकिन आवाम ने हुकूमत का गुरूर तोड़ दिया। अखिलेश ने कहा- देश में पहली बार हारी हुई सरकार विराजमान है। ये चलने वाली नहीं, गिरने वाली है। मनमर्जी नहीं, जनमर्जी चलेगी। यह भगवान राम का फैसला है। जो कहते थे उन्हें लाए हैं, उन्हें ही हरा दिया। सपा प्रमुख ने अयोध्या में रामपथ धंसने और श्रीराम स्टेशन की दीवार गिरने पर तंज कसते हुए कहा- यूपी की मुख्य नगरी में अब तो नाव चल रही है। स्टेशन की दीवार बेईमानी की निशानी बन गई है।

### अयोध्या की हार भगवान राम का फैसला

अखिलेश यादव ने कहा- जिसकी लाठी में आवाज नहीं होती, उसने अयोध्या में उन्हें हराया, जो उन्हें लाने का दावा करते थे। यह भगवान राम का फैसला है, होइहि सोई जो राम रचि राखा।

## दो मासूम बच्चियों को लेकर तालाब में कूदी मां, तीनों की मौत

### पीहर पक्ष ने लगाया पति पर मारपीट और प्रताड़ित करने का आरोप

बढ़ता राजस्थान

नागौर(नि.स.)। खींवसर क्षेत्र के चरडा गांव के तालाब में डूबने से एक विवाहिता और उसकी दो मासूम बच्चियों की मौत हो गई। सूचना मिलने पर भावंडा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और तीनों के शवों को बाहर निकालकर खींवसर के राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। मृतका की पहचान लीला पत्नी सुरेश व बच्चियों की पहचान कनिका व कृष्णा के रूप में हुई है। मृतका के पीहर पक्ष ने लीला के पति पर मारपीट व उसे प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है और भावंडा पुलिस थाने में रिपोर्ट दी है। महिला लीला द्वारा अपनी मासूम बेटियों के साथ तालाब में कूदने की इस घटना के पीछे घरेलू कलह सामने आ रही है। पीहर पक्ष ने भी ससुराल पक्ष पर आरोप लगाया है। मामले में महिला अपनी दोनों बेटियों को लेकर घर से निकली और तालाब में जान दे दी। महिला व मासूम बच्चियों की मौत की जानकारी मिलने के बाद पूरा गांव इस घटना से हैरान है।

**मारपीट का आरोप** -मृतका के बड़े पिताजी सुरजाराम ने आरोप लगाया कि लीला ने देर रात्रि परिजनों को फोन कर उसके साथ मारपीट होने की जानकारी दी। जब परिजन सुबह चरडा पहुंचे तो लीला व उसकी दो मासूम बच्चियों के शव गांव के तालाब में मिले। उन्होंने बताया कि लीला के साथ आए दिन मारपीट की जाती थी। पीहर पक्ष ने मामले में न्याय करने व आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट का सीबीआई को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट में मंगलवार (2 जुलाई) को सीबीआई की ओर से की गई गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई हुई। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने सीबीआई को नोटिस जारी कर 7 दिन में जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 17 जुलाई को होगी। केजरीवाल की ओर से सोमवार (1 जुलाई) को याचिका दाखिल की गई थी। केजरीवाल ने राउज एवेन्यू कोर्ट के 26 जून के उस आदेश को भी चुनौती दी है, जिसके तहत उनको 3 दिन के लिए सीबीआई की रिमांड पर भेजा गया था। फिलहाल केजरीवाल 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में हैं।

सीबीआई केजरीवाल के खिलाफ शराब नीति केस में भ्रष्टाचार से जुड़े मामले की जांच कर रही है। इस मामले में सीबीआई ने 26 जून को केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। दिल्ली सीएम शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पहले से ही तिहाड़ में बंद हैं।

**कोर्ट रूम में केजरीवाल की तरफ से ये दलीलें दी गईं...**

पहला पॉइंट, गिरफ्तारी की जरूरत है। सीबीआई का मुझे जून में गिरफ्तार करने का कोई सवाल ही नहीं है क्योंकि उनकी एफआईआर अगस्त 2022 की है। फिर अप्रैल 2023 में बुलाया गया। 9 घंटे तक पूछताछ की गई।

डोटासरा बोले-सीएम ने पर्ची पढ़कर दिया राहुल गांधी पर बयान

# बीजेपी-आरएसएस हिंदू समाज के ठेकेदार नहीं, करोड़ों हिंदू



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सीएम भजनलाल के 'राहुल गांधी झूठ की दुकान चलाते हैं' वाले बयान का पलटवार किया है। डोटासरा ने कहा- मुख्यमंत्री के आज केंद्रीय नेतृत्व से मिली पर्ची पढ़कर दिए बयान से साबित कर दिया कि राजस्थान में वास्तविक रूप से पर्ची सरकार चल रही है। मुख्यमंत्री के पास प्रेस कॉन्फ्रेंस करने के लिए कोई मुद्दा नहीं था लेकिन, दिल्ली से आई पर्ची को पढ़कर उन्होंने धन्यवाद और चलो-चलो कहकर अपना संबोधन खत्म किया।

### बोले- बीजेपी-RSS हिन्दू समाज के ठेकेदार नहीं

डोटासरा ने कहा- जिस भी व्यक्ति ने मुख्यमंत्री महोदय को पर्ची लिखकर दी उसने पर्ची बनाने में किसी तरह से बुद्धि का प्रयोग नहीं किया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के तौर पर राहुल गांधी ने जो मुद्दे संसद में उठाए, वे सभी जनता के मुद्दे थे। राहुल गांधी ने गलत क्या कह दिया? बीजेपी और आरएसएस हिंदू समाज के ठेकेदार नहीं हैं। आरएसएस के स्वयंसेवक और बीजेपी नेता ही केवल हिंदू नहीं हैं। देश के करोड़ों लोग हिंदू धर्म को मानते हैं, लेकिन वे बीजेपी के नहीं हैं। हिंदू के होने के लिए किसी को बीजेपी से प्रमाण पत्र लेने की आवश्यकता नहीं है।

### लोकसभा के रिजल्ट के बाद से मुख्यमंत्री आहत

डोटासरा ने कहा- लोकसभा चुनावों के रिजल्ट के बाद से मुख्यमंत्री आहत हैं और अपनी कुर्सी को लेकर बैचेन है। मुख्यमंत्री को यह समझना चाहिए कि पांच साल सरकार चलनी है, उन्हें इतना भी बैचेन नहीं होना चाहिए कि दिल्ली से जो पर्ची आए उसमें वह एक शब्द भी अतिरिक्त क्यों नहीं जोड़ पाते? मुख्यमंत्री प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी के बयान पर जो वाजिब सवाल था उसका जवाब दिए बिना क्यों उठ गए?

### शाह ने स्पीकर पर दबाव बनाकर भाषण के कई अंश हटवाए

डोटासरा ने कहा- राहुल गांधी जनता की आवाज संसद में उठा रहे थे तब प्रधानमंत्री और गृह मंत्री बैचेनी का अनुभव कर रहे थे। राहुल गांधी के भाषण के दौरान देश के गृह मंत्री लोकसभा अध्यक्ष से नियमों की दुहाई देते हुए संरक्षण मांग रहे थे।

# 6 आईएएस अफसर बदले

उपचुनावों से पहले मुख्य निर्वाचन अधिकारी बदला

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** राज्य सरकार ने विधानसभा सत्र से ठीक पहले 6 आईएएस अधिकारियों का ट्रांसफर किया है। इस लिस्ट में राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी रहे प्रवीण गुप्ता को पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव पद पर पोस्टिंग दी गई है। गुप्ता की जगह नवीन महाजन को मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पद पर लगाया गया है। गौरतलब है कि शीघ्र ही राज्य की पांच सीटों पर उपचुनाव होने जा रहे हैं। ऐसे में उपचुनाव से पहले निर्वाचन अधिकारी को बदला गया है। गौरतलब है कि महाजन का पिछले दिनों ही चुनाव आयोग ने चयन किया था। संदीप वर्मा को पीडब्ल्यूडी से राजस्थान राज्य भंडारण निगम के सीएमडी के पद पर पोस्टिंग दी गई है। वहीं, आईएएस प्रकाश चंद्र शर्मा को विशेषाधिकारी, मुख्यमंत्री के पद पर लगाया गया हैं। तबादला सूची में सरकार ने उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी से तालमेल नहीं बैठ पाने के चलते उनके विभाग से आईएएस संदीप वर्मा को हटा दिया हैं। संदीप वर्मा और दिया कुमारी के बीच लगातार अनबन की खबरें सामने आ रही थी।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
[M] +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
[M] +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक ( राज. ) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक ( राज. ) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय फोन नं.01432-244881,निवाई 01438-222201,202,203, प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर ( राज. )
फोन नं.0141-2796794,2796795,E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा )